उज्जैन
शनिवार
11
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-248
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का हमला: दोषियों पर कार्रवाई हो

7 भारत को हराकर नंबर-1 टी 20 टीम बन सकता है इंग्लैंड




# ई20 पेट्रोल से गाड़ी खराब होने पर कंपनियां फ्री में बदलेंगी पार्ट्स

## गडकरी बोले-20% एथेनॉल मिक्स पेट्रोल से गाड़ी खराब, तो पुर्जे मुफ्त बदलें, कंपनियों को सरकार का आदेश, माना- इससे माइलेज घटा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

20% एथेनॉल मिक्स पेट्रोल से गाड़ी खराब होने पर कंपनियां फ्री में पार्ट्स बदलेंगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ने कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ई20 फ्यूल से प्रभावित पुरानी गाड़ियों (2023 से पहले की) के पार्ट्स को बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के बदलें।

उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस से कहा कि ई20 फ्यूल से सोशल मीडिया पर गाड़ियों के खराब होने या नुकसान की खबरें गलत हैं और यह एक झूठा नैरेटिव है। हालांकि, उन्होंने पुरानी गाड़ियों का माइलेज कम होने की बात मानी है।

### सर्विसिंग के दौरान मुफ्त बदले जाएंगे रबर वॉशर्स

गडकरी ने कहा कि सर्विसिंग के लिए जाने वाली पुरानी कारों में पहले वॉशर्स मेटल (धातु) के बने होते थे, जबकि अब ये रबर के बनाए जा रहे हैं। हमने कंपनियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सर्विसिंग के दौरान ग्राहकों से बिना कोई एक्स्ट्रा चार्ज लिए इन वॉशर्स को बदला जाए।

### सोशल मीडिया पर चल रही खबरें मनगढ़ंत और झूठी

गडकरी ने एथेनॉल से गाड़ियां खराब होने के दावों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, मुझे एक भी ऐसी कार दिखाएं जो ई20 फ्यूल की वजह से खराब हुई हो या जिसे कोई नुकसान पहुंचा हो। सोशल मीडिया पर जो कुछ भी चलाया जा रहा है, वह एक सोची-समझी रणनीति के तहत तैयार किया गया झूठा नैरेटिव है। अब तक ऐसी कोई भी कार नहीं मिली है, जो इस ई20 पेट्रोल के कारण बंद पड़ी हो।



### भारत में क्यों हो रहा है ई20 पेट्रोल का विरोध?

भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण (ई20) का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

### गडकरी ने बयान की पांच खास बातें

- **परफॉर्मेंस में पेट्रोल से बेहतर:** एथेनॉल का ऑक्टेन नंबर हाई होता है और इसमें एंटी-नॉकिंग प्रॉपर्टीज यानी इंजन में आवाज न होने देने की क्षमता बेहतर होती है। मैं 2004 से इसे प्रमोट कर रहा हूं।
- **कम माइलेज की वजह:** ई20 पेट्रोल से माइलेज थोड़ा कम होता है, क्योंकि पेट्रोल के मुकाबले एथेनॉल की कैलोरिफिक वैल्यू (यानी ऊर्जा क्षमता) कम होती है।
- **ट्रैफिक का असर:** दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों में ट्रैफिक में रुक-रुककर चलने से गाड़ियां निचले गियर में चलती हैं, जिससे माइलेज गिरता है, लेकिन हाईवे पर लगातार 100किमी प्रतिघंटे की स्पीड पर अंतर दिखेगा।
- **फ्लेक्स इंजन में दिक्कत नहीं:** एआरएआई की रिपोर्ट के मुताबिक, खास तौर पर बने फ्लेक्स-फ्यूल इंजनों में माइलेज की कोई समस्या नहीं है। देश की करीब 12 कंपनियां अब फ्लेक्स मॉडल पर काम कर रही हैं।
- **ब्राजील मॉडल और 75 रु. की कीमत:** ब्राजील 1970 से 27% एथेनॉल ब्लेंड का इस्तेमाल कर रहा है। सरकार का लक्ष्य जनता को अलग-अलग कीमतों पर फ्यूल ब्लेंड्स का विकल्प देना है; अभी एथेनॉल की कीमत करीब 75/लीटर है।

## साल 2029 से लागू हो सकता है वन नेशन वन इलेक्शन

**नई दिल्ली।** संसद की संयुक्त समिति कोशिश कर रही है कि 2029 के लोकसभा चुनावों तक वन नेशन वन इलेक्शन लागू हो सके। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी के मुताबिक, अब तक चर्चा में शामिल लगभग 99% नागरिक और संगठनों ने इसका समर्थन किया है। समिति ने गोवा के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों सहित कई राज्यों के विशेषज्ञों से इस पर सलाह ली है। केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रही है। इसके लिए बनी जेपीसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक समिति 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' पर विचार कर रही है, जिससे राज्यों में बार-बार चुनाव कराने या विधानसभाओं के कार्यकाल में बहुत बड़ी कटौती करने की जरूरत न पड़े।

## भारतीय मूल के अनिल मेनन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे

**नई दिल्ली।** 14 जुलाई को भारतीय मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन नासा के अगले मिशन पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। अनिल के साथ रूस की अंतरिक्ष यात्री अन्ना किकिना और पयोत्र दुब्रोव भी होंगे। ये मिशन नासा और स्पेस एक्स के जॉइंट कमर्शियल क्रू प्रोग्राम का हिस्सा है। ये स्पेस एक्स से जेड फाल्कन 9 और क्रू ड्रेगन रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा। अनिल भारतीय मूल के अमेरिकी फिजीशियन और अंतरिक्ष यात्री हैं। अनिल 2018 में पहली बार रस्त्री से जुड़े और कंपनी की पहली ह्यूमन फ्लाइट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2021 में अनिल नासा के एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग का हिस्सा रहे। इसके साथ ही वे हिमालयन रेस्क्यू एसोसिएशन का भी हिस्सा रह चुके हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प बोले- ईरान ने बातचीत जारी रखने की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान ने बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई है और अमेरिका इसके लिए तैयार हो गया है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच हुआ सीजफायर अब खत्म हो चुका है। ईरान और अमेरिका के बीच दो दिनों तक चली सैन्य कार्रवाई के बाद फिलहाल गोलीबारी थम गई है। अल जजीरा के मुताबिक, अब मध्यस्थता कर रहे देश दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक बातचीत फिर शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि तनाव और न बढ़े। वहीं, लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के नबातियेह प्रांत में दो और ड्रोन हमले किए हैं।

## हत्या हो जाए तो भी मंजूर देश की धरती पर मरना चाहती हूं : शेख हसीना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह दिसंबर में भारत से बांग्लादेश देश लौटेंगी और कोर्ट में सरेंडर करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके साथ अवामी लीग के कई सीनियर नेता भी आत्मसमर्पण करेंगे। रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- अवामी लीग के लगभग सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं और कई लोग छिपकर रहने को मजबूर हैं। हालांकि, हसीना ने वापसी की तारीख नहीं बताई। हसीना 2024 में सरकार विरोधी आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद उन्हें छात्र आंदोलन पर कार्रवाई से जुड़े मामले में मौत की सजा सुनाई गई। वह इन आरोपों से इनकार करती रही हैं।

## शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की तारीफ की, एनडीए में जाने की अटकलें

**मुंबई।** एनसीपी (एससीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की किसान कर्जमाफी योजना में हुए बदलाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लाखों किसानों को फायदा मिलेगा। पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का धन्यवाद भी किया। शरद पवार की पार्टी एनसीपी के एनडीए में शामिल होने या कांग्रेस में विलय की अटकलें भी हैं। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है। सूत्रों के मुताबिक, पवार की पार्टी के नेता एनडीए में शामिल के फेवर में नहीं हैं। कुछ नेताओं ने इस पर असहमति जताई है। दरअसल, इन अटकलों को उस समय और बल मिला, जब शरद पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर 8 जुलाई को मुंबई में विधानभवन में मीटिंग हुई थी।

### मप्र-राजस्थान सहित 10 राज्यों में बारिश गायब, बादल पूर्वी हिस्से में खिसके

# उत्तराखंड-हिमाचल में 438 सड़कें बंद

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित देश के 10 राज्यों में अगले 5 दिन मानसून कमजोर रहेगा। इन राज्यों में बारिश की कम संभावना है। इसकी वजह है देश के पश्चिमी हिस्से से बादलों का गायब हो जाना।

नई सैटेलाइट तस्वीरों में बादल पूर्वी राज्यों उत्तराखंड, यूपी, बिहार, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा की तरफ चले गए हैं। जिसके चलते इन राज्यों में भारी बारिश हो रही है। मिजोरम के लुंगलेई जिले में बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ गया। 80 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राज्य में 29 जगह लैंडस्लाइड हुई। लुंगलेई जिले के बुआल्ते गांव के पास नेशनल हाईवे 54 बंद हो गया है, जहां पिछले चार दिनों से कई पर्यटक फंसे हुए हैं।



### चलती कार पर पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरे

- उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों में लैंडस्लाइड और तेज बारिश के कारण प्रदेशभर में 118 सड़कें बंद हो गईं। हरिद्वार जिले में नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। यमुनोत्री नेशनल हाईवे का करीब 100 मीटर हिस्सा टूट गया।
- हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड से 320 से ज्यादा सड़कें बंद और 200 से ज्यादा बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप हो गए हैं। सोलन जिले में सड़क पर चलती कार पर पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिर गए। हादसे में बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए।

## हमें अभी तक दिल्ली में प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली: उमर


ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया है कि 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर होने वाले प्रदर्शन के लिए उनकी पार्टी को अब तक अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर इस कार्यक्रम को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं। श्रीनगर में एक बैठक को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस कई दिनों से प्रदर्शन की अनुमति लेने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

### राजपाल यादव को जेल, एक जिद ले डूबी

# कहा था- पैसे नहीं दूंगा चाहे बार-बार जेल जाना पड़े

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई



बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने तीन महीने जेल की सजा सुनाई है। पत्नी राधा यादव पर भी जुमार्ना लगा है। दरअसल, राजपाल यादव को उनकी एक जिद ले डूबी। पिछली बार जब तिहाड़ जेल से बाहर आए तो कहा था- पैसे नहीं लौटाऊंगा, चाहे बार-बार जेल जाना पड़े। हाई कोर्ट ने रवैये को बताया संदिग्ध दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राजपाल यादव के आचरण पर गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने उनके रवैये को संदिग्ध माना और राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि बार-बार आश्वासन देने के बाद भी अभिनेता ने बकाया रकम नहीं चुकाई।

## स्वदेशी वॉरशिप आईएनएस महेंद्रगिरि आज नौसेना में शामिल होगा

ब्रह्मास्त्र ›› विशाखापट्टनम

भारतीय नौसेना को शनिवार को एक और वॉरशिप मिलने जा रहा है। स्वदेशी तकनीक से तैयार स्टेल्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरि' को विशाखापट्टनम में नौसेना में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट-17अ की नीलगिरि कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट है। इसे भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने तैयार किया है। महेंद्रगिरि हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगी। साथ ही इंडो-पैसिफिक रीजन को सुरक्षित और स्थिर बनाने में भूमिका निभाएगा। 75% से ज्यादा स्वदेशी तकनीक: युद्धपोत में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देशभर की कई एमएसएमई कंपनियों ने भी योगदान दिया है, जिससे रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

### प्रदेश में 25 साल बाद फिर लौटेगी सरकारी बस सेवा

# उज्जैन सहित 40 प्रमुख लंबे रूटों पर दौड़ेंगी बसें

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में करीब ढाई दशक बाद एक बार फिर सरकारी बस सेवा शुरू होने जा रही है। राज्य सरकार ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उज्जैन सहित प्रदेश के 40 प्रमुख लंबे बस रूट तय कर दिए हैं। राज्य सड़क परिवहन स्कीम के तहत इन प्रस्तावित मार्गों और बस सेवा की सुविधाओं को लेकर आमजन से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। इसके बाद बसों के संचालन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाएगी

सरकारी बस सेवा शुरू होने से उज्जैन सहित प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन, शैक्षणिक और व्यावसायिक शहरों के बीच आवागमन अधिक सुगम होने की उम्मीद है। इससे निजी बसों पर निर्भरता कम होगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और यात्रियों को बेहतर सेवा के साथ उचित किराए का लाभ मिलेगा। विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को नियमित और भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो सकेगा। सरकार का मानना है कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नई बस सेवा प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाएगी और लाखों यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध तथा तकनीक आधारित यात्रा का लाभ मिलेगा।

सरकार की योजना के अनुसार सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अगस्त माह से प्रदेशवासियों को सरकारी बस सेवा का लाभ मिलने लगेगा। इससे उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

नई सरकारी बस सेवा को आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। यात्रियों को इलेक्ट्रॉनिक टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे टिकट व्यवस्था अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनेगी। जिन मार्गों पर यात्रियों का दबाव अधिक रहेगा, वहां आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा ताकि लोगों को लंबा इंतजार न करना पड़े।

बसों में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग डिवाइस लगाए जाएंगे, जो हर दस सेकंड में बस की वास्तविक लोकेशन अपडेट करेंगे। यात्री वेबसाइट के माध्यम से बस की स्थिति और आगमन का समय आसानी से देख सकेंगे। इससे यात्रा की बेहतर योजना बनाने में सुविधा मिलेगी और बस संचालन में भी पारदर्शिता आएगी।

### दतिया उपचुनाव-नरोत्तम को टिकट नहीं मिलने पर भड़के समर्थक

# हाईवे पर लगाया 20 किमी लंबा जाम

## हालात को संभालने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, एसपी-एसडीओपी समेत 8 पुलिसकर्मी घायल

ब्रह्मास्त्र ›› दतिया

मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को उपचुनाव होना है। भाजपा ने यहां से पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। इससे पार्टी के भीतर खुलकर विरोध सामने आ गया। शुक्रवार शाम से शुरू हुआ प्रदर्शन शनिवार तड़के हिंसक हो गया। ग्वालियर-झांसी हाईवे पर करीब 15 से 20 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद हालात संभालने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए। प्रदर्शनकारियों के पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और एक वाहन पलट दिया गया। शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे हुए पथराव में एसपी, एसडीओपी समेत आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं नरोत्तम मिश्रा के कुछ समर्थकों के भी घायल होने की सूचना है। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया। बताया गया कि कुछ समर्थकों ने भाजपा कार्यालय में खुद को बंद कर लिया था, जिन्हें बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद बाहर निकाला गया।

### भाजपा कार्यालय के बाहर कड़ी सुरक्षा, 250 कार्यकर्ता रोके

बड़ौनकलां में जाम की सूचना के बाद प्रशासन ने एहतियातन दतिया स्थित भाजपा कार्यालय में करीब 250 कार्यकर्ताओं को अंदर ही रोक दिया। कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और पूरे इलाके की निगरानी की गई, ताकि स्थिति दोबारा न बिगड़े।

### 500 से ज्यादा कार्यकर्ता सड़क पर महिलाओं ने भी किया प्रदर्शन

टिकट बदलने के विरोध में 500 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता रातभर हाईवे पर डटे रहे। डबरा के हरिपुर तिराहे पर भी चक्काजाम कर नारेबाजी की गई। बड़ी संख्या में महिलाएं भी सड़क पर उतर आईं और विरोध जताया। प्रदर्शन भाजपा कार्यालय तक पहुंच गया, जहां कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। पड़ोसी जिलों से भी समर्थक दतिया पहुंचे।

### जिलाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों ने दिए इस्तीफे

नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सरण सहित कई पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। नगर मंत्री और भाजपा कोषाध्यक्ष ने भी पद छोड़ दिया। समर्थकों का दावा है कि कई भाजपा पार्षदों ने भी सामूहिक इस्तीफे सौंप दिए हैं।

### नामांकन की तैयारी कर रहे थे नरोत्तम

उपचुनाव की घोषणा के बाद डॉ. नरोत्तम मिश्रा लगातार चुनावी तैयारियों में जुटे थे। उन्होंने नामांकन फॉर्म भी खरीद लिया था और क्षेत्र में जनसभाएं कर रहे थे। हालांकि अंतिम समय में पार्टी ने आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार घोषित कर दिया। अब तक 13 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदे हैं, जिनमें चार उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

### सरकार का 5 महीने में दूसरी बार निर्देश

# पहले वंदे मातरम् फिर जन-गण-मन होगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रगान जन-गण-मन और राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों को नए निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि नियमों में पहले से तय है कि किन कार्यक्रमों में दोनों को गाना या बजाना जरूरी है।

**राज्यों से कहा- सख्ती से पालन कराएं**

मंत्रालय ने कहा कि एक ही कार्यक्रम में दोनों में से पहले वंदे और फिर जन-गण-मन होगा। जिन राज्यों में राज्य गीत होता है, वहां भी सीक्वेंस का पालन करना होगा। 9 जुलाई को सभी राज्यों और मंत्रालयों को पत्र भेजा गया, जिसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई है।

सभी राज्यों से कहा गया है कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत हमेशा उनके असली शब्दों, सही उच्चारण और तय नियमों के अनुसार ही गाया और बजाया जाए। इसके लिए दोनों की ऑफिशियल कॉपी मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

### 28 जनवरी को पहली बार आदेश आया

- इससे पहले 28 जनवरी को भी सरकार ने सभी राज्यों को यही आदेश दिया था। इसमें मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरूआत में राष्ट्रगीत बजाया जाएगा।
- वंदे मातरम् के समय हर व्यक्ति को खड़ा होना होगा। राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे। इनकी कुल अवधि 3.10 मिनिट है। पहले दो अंतरे गाए जाते थे।
- सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले वंदे मातरम् बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा।
- अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों को उस दौरान खड़ा होना जरूरी नहीं होगा।

### बंकिम चंद्र ने 1875 में लिखा था

- भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी पर लिखा था। यह 1882 में पहली बार उनकी पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में छपा था।
- 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम गाया। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गई थीं।

## खबर एक नजर...

### मुनिश्री प्रणीत सागर महाराज का चातुर्मास मंगल प्रवेश 12 को, तैयारियों में जुटा समाज

**उज्जैन।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री 108 प्रणीत सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास मंगल प्रवेश 12 जुलाई को लक्ष्मीनगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में होगा। मुनिश्री के मंगल प्रवेश को लेकर दिगंबर जैन समाज द्वारा मंदिर में भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि मुनिश्री ने ससंघ चातुर्मास के लिए 22 जून को कोटा से उज्जैन की ओर विहार किया था। 12 जुलाई को सुबह 8 बजे फ्रीगंज स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा। यह समारोह शहीद पार्क होते हुए लक्ष्मीनगर के प्रमुख मार्गों से गुजरकर शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगा। मंगल प्रवेश के बाद मंदिर में मुनिश्री के प्रवचन होंगे और तत्पश्चात आहार चर्या संपन्न होगी। आयोजन को लेकर शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर लक्ष्मीनगर ट्रस्ट, शांतिनाथ महिला मंडल और सकल दिगंबर जैन समाज ने सभी श्रद्धालुओं से गुरुदेव के चातुर्मास मंगल प्रवेश और चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### समाज को शोषण मुक्त कर उत्थान का लिया संकल्प, कर्मचारी संघ ने दी बधाई

**उज्जैन।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे की अनुशंसा पर चंचल डागर को उज्जैन संभाग अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारिणी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

संभाग का दायित्व मिलने पर चंचल डागर ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जल्द ही संभाग की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ प्रतिदिन हो रहे शोषण को रोकने और समाज के उत्थान के लिए सभी को एकजुट कर कार्य किया जाएगा। चंचल डागर को नई जिम्मेदारी मिलने पर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन की ओर से जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव मुकेश रायकवार, सुनील खत्री, रवि चौहान और भेरूलाल मालवीय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### पौधारोपण कर मनाया पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का जन्मदिवस

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह का जन्मदिवस चंद्रभान सिंह चंदेल मित्र मंडली द्वारा वार्ड क्रमांक 18 स्थित स्वर्गीय राधेलाल जी व्यास उद्यान में पौधारोपण कर उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर्ण सिंह एडवोकेट द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उज्जैन नगर पालिका निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय, दौलतगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहीम लाला, कांग्रेस नेता हरीश लालावत, सावन तिलकर, दक्षिण यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पॉप सिंह, राजेश चौहान, सुनील दीक्षित, विपिन मिश्रा, सरदार भाई, आफताब कुरैशी, हिम्मत सिंह चौहान, राजेश परिहार, श्रीनाथ चौधरी, पंडित जीवन भट्ट, शुभम राय, आर्यन पटेल, राजेश बोड़ना, धर्मेंद्र कप्तान, मनीष यादव, मोहसिन पठान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं साथीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया तथा सभी ने जयवर्धन सिंह के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

### राज्य स्तरीय शूटिंग स्पर्धा में उज्जैन के तीन खिलाडियों ने 8 मेडल जीते

**उज्जैन।** स्टेट स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के 3 खिलाड़ियों ने कमाल कर दिया। अलग अलग प्रतियोगिता में निशाना साधकर 9 मेडल जीत लिए। बुधवार को विजेता खिलाड़ियों को मेडल सौंपे गए। शूटिंग कोच विराज परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता बीएसएफ की रेवती रेंज में हुई। ३ जुलाई से 8 जुलाई तक चली प्रतियोगिता में अलग अलग एज कैटेगरी में उज्जैन जिले के कुल 13 खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें से तीन खिलाड़ियों ने जिले को 8 मेडल दिला दिए। कोच परिहार ने बताया कि करीब 2 हजार खिलाड़ियों के बीच उज्जैन की दिव्यांशी गोहिल ने अलग-अलग चार प्रतियोगिता में मेडल जीत लिए, जिसमें १ सिल्वर और 3 ब्रांच मेडल शामिल है। इसके अलावा क्रिश सिंह ने 1 सिल्वर और 1 ब्रांज मेडल और विनय पांचाल ने 2 सिल्वर मेडल पर कब्जा कर लिया, जिन्हें अतिथियों ने सम्मानित किया। ज्ञात रहे नानाखेड़ा में इंडोर स्टेडियम बन जाने के बाद शूटिंग को लेकर यहां के खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ा है।

### बंद न हो रोप-वे परियोजना

**उज्जैन।** रेलवे-स्टेशन से महाकाल मन्दिर के लिए 2022 में स्वीकृत रोप-वे परियोजना, उज्जैन के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण सौगात, का निर्माण अचानक बंद हो गया है। अगर अभी यह नहीं बनी तो सिंहस्थ आयोजन के बाद इसके बनने की सम्भावनाएं समाप्त हो जाएंगी और उज्जैन एक रोमांचक सौगात से वंचित हो जाएगा। इस आशय का पत्र सजग उज्जैन मंच के महासचिव सन्तोष सुपेकर ने मुख्यमंत्री को लिखते हुए निवेदन किया है कि सिंहस्थ-28 के अवसर पर मिली, इतनी महत्वपूर्ण सौगात उज्जैन के हाथ से जाने न दें। जानकारी सजग उज्जैन मंच के सचिव सतीश मेहता ने दी।

# देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा- डॉ. गीता नायक

## कालिदास कॉलेज में भारतीय शिक्षा दिवस समारोह, भारतीय परंपरा में नारी का सदैव सम्मानजनक स्थान रहा हैः वरुण गुप्ता

### नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्र निर्माण पर आधारितः डॉ. शुक्ला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना सप्ताह के अंतर्गत शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में भारतीय शिक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा तथा राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय सह-संयोजक 'परिवार में संवाद की भाषा' डॉ. गीता नायक ने कहा कि ₹देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा।₹ उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय भाषाओं को शिक्षा के केंद्र में स्थापित करती है। मातृभाषा को शिक्षा का प्रमुख माध्यम बनाकर विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा एवं रुचि के अनुरूप विषय चयन तथा अपनी भाषा-बोली में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास भारतीय शिक्षा पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्यरत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास, संस्कार निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना है।

यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय संयोजक (प्रचार-प्रसार) डॉ. जफर महमूद ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने की। उन्होंने लघुकथा के माध्यम से आधुनिक विज्ञान और प्राचीन भारतीय ज्ञान के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं से तकनीक का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग करने तथा उसके दुष्प्रयोग से बचने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य वरुण गुप्ता ने कहा कि प्राचीन भारत में स्त्री शिक्षा को समान महत्व प्राप्त था। उन्होंने अनेक विदुषियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में महिलाओं को दोयम दर्जा दिए जाने का विमर्श विदेशी षड्यंत्र का परिणाम है, जबकि भारतीय परंपरा में नारी को सदैव सम्मानजनक स्थान प्राप्त रहा है।

मालवा प्रांत सह-संयोजक (उच्च शिक्षा) डॉ. राम मोहन शुक्ल ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों पर आधारित है। यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे देश का नाम भारत लिखेंगे और बोलेंगे, इंडिया शब्द का प्रयोग नहीं करेंगे।

#### छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं कुलगान की प्रस्तुति दी

न्यास के महानगर अध्यक्ष एवं 'एक नाम भारत' राष्ट्रीय टोली सदस्य अविनाश राठौर ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए भारतीय शिक्षा में परिवर्तन के लिए छात्रों एवं शिक्षकों के लंबे संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व में होने वाले प्रत्येक सकारात्मक अथवा नकारात्मक परिवर्तन के मूल में शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता जैन मंगलम ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. मनीष परमार, कमल किशोर कुल्मी, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. मीना मोघे, डॉ. सरोजनी टोपनो ने किया। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं कुलगान की प्रस्तुति दी। आभार डॉ. अंजना बुंदेला ने ज्ञापित किया। संपूर्ण वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर न्यास के रतनदीप मिश्रा, रवि भिलाला, जगदीश सिंह कुशवाह, कमल किशोर कुल्मी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कॉलोनाइजर जसप्रीत सिंह भाटिया सहित अन्य पर की कार्रवाई

**उज्जैन।** तथ्य छिपाकर और फर्जी शपथ पत्र के आधार पर इंदौर के ग्राम बड़ियाकीमा स्थित सत्तवा सेक्टर-बी कॉलोनी के लिए हासिल की गई विकास अनुमतियों को कॉलोनी सेल कलेक्टर ने निरस्त कर दिया है। इस मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने भी सख्त रुख अपनाते हुए टीएनसीपी विभाग को याचिकाकताओं की आपत्तियों का चार सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। मेसर्स सुपरलेटिव देवकॉन एलएलपी के पार्टनर जसप्रीत सिंह भाटिया, गिरिराज सिंह पटेल, अंकित पटेल और श्वेतांक श्रीमाल ने टीएनसीपी, कॉलोनी सेल और रेरा से धोखाधड़ी कर अनुमति प्राप्त की थी। इंदौर जिले की तहसील भिचौलीहप्सी के ग्राम बड़ियाकीमा में सर्वे नंबर 150/2, 151, 152 और 153/1 की कुल 2.141 हेक्टेयर भूमि पर सत्तवा सेक्टर-बी का निर्माण किया जा रहा था। कॉलोनाइजर ने इंदौर सिविल कोर्ट में स्वामित्व विवाद लंबित होने की महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर और फर्जी शपथ पत्र देकर यह अनुमतियां हासिल की थीं। याचिकाकर्ता श्रवण उर्फ सन्नी और कुसुम के अधिवक्ता मानव बेनीवाल ने बताया कि यह जमीन याचिकाकताओं की पैतृक संपत्ति है। याचिकाकताओं के नाबालिग रहते हुए उनकी मां ललिताबाई ने बिना अधिकार के यह जमीन मेसर्स हल्दिया रियल एस्टेट को बेच दी थी, जिसने बाद में इसे मेसर्स सुपरलेटिव देवकॉन एलएलपी को बेच दिया। संपत्ति को लेकर सिविल सूट (आरसीएसए-230/2023) विचाराधीन होने के बावजूद कॉलोनाइजर ने 16 मार्च 2023 को टीएनसीपी से मंजूरी ले ली थी।

## गौ माता के सम्मान में श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन की जागरूकता रैली 30 जुलाई को

### संगठन द्वारा रैली की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन द्वारा गौ माता के मृत शरीर को सम्मानपूर्वक समाधि देने की व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर काल भैरव घाट उज्जैन पर गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन, 30 जुलाई को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ जी महाराज के नेतृत्व में संगठन के सभी पदाधिकारी,कार्यकर्ता,एवं सनातनी व गौभक्तों के द्वारा एकत्रित होकर जागरूकता रैली निकाली जाएगी।




रैली को लेकर संगठन के पदाधिकारी विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में अपने कार्यकताओं के साथ शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं।

संगठन द्वारा रैली की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। संगठन के कोषाध्यक्ष आदर्श सिंह तोमर ने बताया कि संगठन लंबे समय से सरकार से गौ माता के मृत शरीर को सम्मानपूर्वक समाधि देने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसी मांग को लेकर 30 जुलाई को जागरूकता रैली निकाली जाएगी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कानून लागू करने की मांग की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ जी महाराज ने कहा कि श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन ने संकल्प लिया है कि क्षेत्र में जहां भी गौ माता की मृत्यु होगी, संगठन उनकी सम्मानपूर्वक समाधि की व्यवस्था करेगा। साथ ही सरकार से मांग की जा रही है कि गौ माता के मृत शरीर के सम्मानजनक अंतिम संस्कार एवं समाधि की व्यवस्था के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं और उन्हें पूरे देश में लागू किया जाए। सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व है।

### कलेक्टर ने नागरिकों की समस्या सुन अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्?टर श्री सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। ग्राम जयरामपुरा निवासी राजलबाई ने आवेदन दिया कि उनकी निजी कृषि भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जनसुनवाई करते हुए संबंधित तहसीलदार घट्टिया को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । उज्जैन निवासी संदीप श्रीवास्तव ने आवेदन किया कि पड़ोसी द्वारा फुटपाथ पर अवैध दीवार का निर्माण कर लिया गया है, जिससे वर्षा के दौरान पानी का ठहराव, कीचड़ की समस्या तथा सड़क किनारे यातायात प्रभावित हो रहा है। आवेदन पर सुनवाई करते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ग्राम नरसिंगा तहसील बड़नगर निवासी आयुष सुकवाया ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं एवं शासन की स्कूटी योजना के संबंध में आवेदन दिया।, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा आवेदन पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## किसानों को बांटे ऋण स्वीकृति पत्र, 'एक पेड़ मां के नाम' में रोपे

### खेड़ा खजुरिया में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ने आयोजित किया किसान माह कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा खेड़ा खजुरिया में किसान माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि कार्यों और एफपीओ के अंतर्गत विभिन्न ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक देव दत्त थे। उनकी उपस्थिति में आरुधारा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से कस्टम हायरिंग योजना के तहत हितग्राही कैलाश चंद्र मालवीय, हरिराम चौधरी और जगदीश अंजना को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इस दौरान शासन के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत हॉस्टल परिसर में महाप्रबंधक देव दत्त सहित अन्य अतिथियों ने नीम और जामफल के पौधे रोपे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के साख प्रमुख राजेंद्र परमार, साख विभाग के अनिल शर्मा, महिदपुर शाखा प्रबंधक राहुल तिवारी, घोसला शाखा प्रबंधक राहुल मालवीय, हॉस्टल प्रभारी रमेश चंद्र मालवीय, हिंदू लाल परिहार, अमरलाल परमार, ललिता परमार, जगदीश जाट, मोहम्मद जाबीर, शंकर व्यास, रघुवीर सिंह और युवराज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

### सम्राट् विक्रमादित्य विवि में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह संपन्न

## किताबी ज्ञान के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए भी तैयार हों विद्यार्थी- कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण से अवगत कराने के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुक्रवार को समापन हो गया। छात्र कल्याण विभाग द्वारा 8 से 10 जुलाई तक चले इस आयोजन में नवागंतुक विद्यार्थियों को विवि की कार्यप्रणाली, अनुशासन और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी गई।

कृषि अध्ययनशाला के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि दीक्षारंभ एक नए संकल्प की शुरूआत है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और नवाचारी कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना है। विशेष अतिथि कार्यपरिषद सदस्य प्रो. संजय वर्मा ने कहा कि विवि अपनी समृद्ध परंपराओं और आधुनिक शिक्षा के समन्वय के लिए जाना जाता है, विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का उपयोग देश के नवनिर्माण में करें। वहीं कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने विवि परिसर में अनुशासन और नवाचार को प्राथमिकता बताते हुए विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

सत्र के दौरान डॉ. शेखर मैदंवार ने एनएसएस व समाजसेवा के महत्व को समझाया। डॉ. कनिया मेड़ा ने एनसीसी के माध्यम से अनुशासन और सैन्य गुणों के विकास तथा डॉ. ब्रह्म दत्त शुक्ला ने नई शिक्षा नीति एवं विवि के प्रमुख कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा 9 जुलाई को विद्यार्थियों ने केंद्रीय पुस्तकालय और 10 जुलाई को विभिन्न अध्ययनशालाओं का भ्रमण कर विवि की व्यवस्थाओं को करीब से समझा। समारोह के सांस्कृतिक सत्र में यश वर्मा, पाश्वी आचार्य, समर्थ और अंशिता नामदेव ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय बडोले ने किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में सभी विभागों के अध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।

## एचआईवी प्रभावित बच्चों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान, शिक्षा और प्रतिभा को मिला नया संबल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




ममत्व निःशक्त पुनर्वास समिति, उज्जैन एवं उज्जैन एचआईवी/एड्स नेटवर्क पिपुल्स सोसाइटी (यूएनपी+) के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी प्रभावित बच्चों के लिए प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री बैग, पानी की बोतल, टिफिन, पेन-पेंसिल सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास, भविष्य निर्माण एवं सामाजिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर प्रेरक संवाद किया गया। बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नृत्य एवं गीत-गायन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उज्जैन एचआईवी/एड्स नेटवर्क पिपुल्स सोसाइटी के अध्यक्ष मनीष शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीए अनिल गोयल ने सभी बच्चों को मिठाई वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम ममत्व निःशक्त पुनर्वास समिति के संरक्षक अनिल उपाध्याय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष हाकम सिंह, डॉ. डेजी रूरे, डॉ. इमित सलूजा, राजेश शाक्य, श्रीमती पम्मी सिंह कुशवाह, विशाल अग्रवाल, राकेश सतनामी, डॉ. जगदीश प्रसाद शर्मा, विशेष आमंत्रित बाल कल्याण समिति सदस्य श्रीमती श्रद्धा शर्मा व हेमन्त भोपाळे सहित अनेक गणमान्यजन तथा बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

अंत में हर्ष परमार, ज्योति राय, नीरज पाल एवं काजल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उज्जैन सीएससी की संपूर्ण टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। वक्ताओं ने कहा कि समाज की संवेदनशीलता, सहयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही एचआईवी प्रभावित बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बन सकती है।

### कुंडली नहीं, संस्कारों का संकट : सामाजिक विकृतियों पर वैदिक दृष्टि से आत्ममंथन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हाल के वर्षों में समाज में पति-पत्नी संबंधों से जुड़े कुछ अत्यंत दुखद और चिंताजनक अपराध सामने आए हैं। विशेष रूप से जीवनसाथी की हत्या, विश्वासघात और षड्यंत्र जैसी घटनाओं ने जनमानस को उद्वेलित किया है। इन घटनाओं के बाद सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर यह प्रश्न उठाया जाने लगा है कि जब विवाह से पूर्व कुंडली मिलान किया गया था, पर्याप्त गुण प्राप्त हुए थे, तब ऐसी घटनाएँ कैसे घटित हो गईं? दुर्भाग्यवश कुछ लोगों ने इन घटनाओं को आधार बनाकर भारतीय ज्योतिष और सनातन परंपराओं पर ही प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास किया है। ज्योतिष का मूल उद्देश्य जीवन की संभावनाओं, प्रवृत्तियों, अनुकूलताओं और चुनौतियों का संकेत देना है। यह मनुष्य को विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सहायता प्रदान करता है

### बगैर जेब वाली ड्रेस के मुद्दे पर पलटवार, महाराज बोले महाकाल मंदिर में पुजारी प्रतिनिधि व्यवस्था बंद हो

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर शहर आए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ रविंद्रपुरी महाराज ने शुक्रवार को प्रेस से चर्चा करते हुए कहा कि कौन है महेश पुजारी, वे उसे नहीं जानते हैं हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि उनकी जानकारी आया है कि महेश पुजारी एक पुजारी का सेवक (नौकर) मात्र है, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ रविंद्रपुरी महाराज ने अयोध्या में हुए कांड को लेकर उज्जैन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा था कि उन्होंने वहां ऐसी व्यवस्था की है कि मंदिर में पुजारी और अन्य कर्मचारी बिना जेब वाले कुर्ता पहने।

इस परिप्रेक्ष्य में अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के जरिये महेश पुजारी द्वारा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज को लेकर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी इसको लेकर उन्होंने शुक्रवार को बड़े ही सहजता से कहा कि महेश पुजारी जैसे व्यक्ति के बारे में वह चर्चा करें या शोभा नहीं देता। वह उनके कद का है भी नहीं, वह महाकाल मंदिर के सम्माननीय पुजारी का सेवक मात्र( प्रतिनिधि) है ऐसे में उन्होंने शुक्रवार को मंदिर प्रशासक से चर्चा कर कहा कि मंदिर में जब मुख्य पुजारी पूजा करने नियमित रूप से आ रहे हैं तो ऐसे में प्रतिदिन प्रतिनिधि का कोई काम नहीं होना चाहिए। प्रतिनिधि का उल्लेख महाकाल एक्ट में है कि अति आवश्यक होने पर या मुख्य पुजारी के मंदिर नहीं आने पर उसके स्थान पर आ सकता है.

दैनिक ब्रह्मास्त्र

गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोप ह्वये श्रियम्॥

**अर्थः** जो दुराधर्षा और नित्यपुष्टा हैं तथा गोबर से (पशुओं से) युक्त गन्धगुणवती हैं। पृथ्वी ही जिनका स्वरुप है, सब भूतों की स्वामिनी उन लक्ष्मीदेवी का मैं यहाँ अपने घर में आव्हान करता हूँ।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में बाइक को टक्कर मारकर पकड़ा वाहन चोर

**इंदौर।** हीरा नगर पुलिस ने ऐसे बदमाश को पकड़ा है, जो अपने साथियों के साथ शहर में आकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी गांव से युवकों को किराए पर लेकर आता था। उन्हें 1500 से 2000 रुपए दिए जाते थे। पुलिस अब उसके फरार साथियों की तलाश में जुटी है। टीआई सुशील पटेल ने बताया कि रात में गश्त के दौरान पुलिस इलाके में सर्चिंग कर रही थी। इसी दौरान धार निवासी दिलीप पिता मदन भूरिया अपने साथियों के साथ बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए इलाके में पहुंचा था। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो आरोपी अलग-अलग बाइक से भागने लगे। पुलिस ने टक्कर मारकर दिनेश को गिरा दिया और उसे पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में उसके कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद हुईं। उसने ये बाइक इंदौर और देपालपुर क्षेत्र से चुराना कबूल किया। दिनेश ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कई वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपी ने बताया कि वे गांव से 1500 से 2000 रुपए में युवकों को किराए पर लेकर चोरी करने इंदौर आते थे। फिलहाल पुलिस दिनेश के फरार साथियों की तलाश कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक पूछताछ में वाहन चोरी की कई अन्य वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है।

### इंडियामार्ट पर एसी गैस खरीदने और बेटे की गिरफ्तारी का झांसा देकर ऐंठे पैसे

**इंदौर।** साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहली घटना में इंडियामार्ट पर एसी गैस खरीदने के दौरान ऑटो पार्ट्स व्यापारी से 82 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई, जबकि दूसरी घटना में खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बेटे को रेप केस में गिरफ्तार करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 90 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक फरियादी पवनदीप सिंह खनूजा निवासी रानी बाग की कीबे कंपाउंड में खनूजा इंटरप्राइजेज के नाम से ऑटो पार्ट्स की दुकान है। पवनदीप ने बताया कि 2 जून को उन्हें एसी गैस की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने इंडियामार्ट वेबसाइट पर नंबर सर्च किया, जहां श्रुति इंटरप्राइजेज के नाम से कुलदीप अग्रवाल का नंबर मिला। बातचीत के बाद आरोपी ने वॉट्सऐप पर एसी गैस के टिन की फोटो और 220 पीस का इनवॉइस भेजते हुए कीमत 82 हजार रुपए बताई। विश्वास में लेकर आरोपी ने मुंबई के एक बैंक खाते में ऑनलाइन भुगतान करवा लिया। भुगतान के बाद उसने गति इंटरप्राइजेज की फर्जी बिल्टी भी भेज दी, जो बाद में एआई से तैयार की गई नकली बिल्टी निकली। जब काफी समय तक सामान नहीं पहुंचा और आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया, तब व्यापारी को ठगी का एहसास हुआ। 6 जून को उन्होंने बैंक में भुगतान रोकने का प्रयास किया और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर गुरुवार को छोटी ग्वालटोली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

### चलती ट्रेन पकड़ने में युवक की मौत, ग्वालियर से इंदौर आया था, मौके पर गई जान

**इंदौर।** इंदौर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक ग्वालियर का रहने वाला था और व्यापार के सिलसिले में इंदौर आया था। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। रेलवे पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान ग्वालियर के सुनार मोहल्ला निवासी हर्ष गुप्ता के रूप में हुई है। वह सुबह करीब साढ़े नौ बजे ग्वालियर से आई ओवरनाइट एक्सप्रेस से इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर उतरा था। हर्ष को रतलाम जाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर-1 से डेमू ट्रेन पकड़नी थी। वह प्लेटफॉर्म-4 से प्लेटफॉर्म-1 की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इंदौर में रहने वाले उसके रिश्तेदार रेलवे स्टेशन पहुंच गए। वहीं, ग्वालियर में रहने वाले परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार हर्ष व्यापार के सिलसिले में इंदौर आया था। परिजन ग्वालियर से इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं।

### 11 लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** खजराना थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंदसौर के एक युवक को 110 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि वाघेला गार्डन के पास बायपास पर एक युवक ब्राउन शुगर बेचने के लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 110 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामकिशन उर्फ रामनिवास गिरी (28) निवासी ग्राम काटिया, थाना सुवासरा, जिला मंदसौर के रूप में हुई है। वह 8वीं तक पढ़ा है और खेती करता है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद नशे का आदी है। नशे की लत और जल्दी पैसा कमाने के लालच में वह मंदसौर के कोटड़ी क्षेत्र से सस्ते दाम पर ब्राउन शुगर लाकर इंदौर में महंगे दाम पर बेचता था।

---

### राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का हमलाः इंदौर में हरीश चौधरी बोले

# दोषियों पर कार्रवाई हो, ट्रस्ट भंग कर निष्पक्ष जांच हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। इंदौर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले की निष्पक्ष जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जानी चाहिए।

हरीश चौधरी ने आरोप लगाया कि देशभर के लोगों ने भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया था, लेकिन अब उसी मंदिर से आर्थिक अनियमितताओं और कथित घोटाले की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल वित्तीय गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं और विश्वास के साथ किया गया गंभीर विश्वासघात है।

कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि जब राम मंदिर ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार की देखरेख में हुआ और उसकी कार्यप्रणाली पर प्रधानमंत्री कार्यालय की निगरानी रही, तो सामने आए आरोपों की जवाबदेही कौन तय करेगा। उन्होंने यह भी पूछा कि यदि सभी कार्य पारदर्शी तरीके से हुए हैं तो ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के इस्तीफे क्यों हुए।

कांग्रेस ने पूरे मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने, दोषियों की गिरफ्तारी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग कर नया पारदर्शी ट्रस्ट गठित करने तथा मंदिर से जुड़े सभी चंदों, चढ़ावों, भूमि खरीद और खर्चों का फोरेंसिक ऑडिट कराने की मांग की है।

चौधरी ने कहा कि भगवान राम किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं हैं, बल्कि देश की आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में राम मंदिर से जुड़े धन के उपयोग में किसी भी प्रकार की अनियमितता की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है।

#### दिग्विजय सिंह की यात्रा और अन्य सवालों पर बचे

दिग्विजय सिंह की प्रस्तावित महाकाल से अयोध्या यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर चौधरी ने कहा कि यह उनकी निजी यात्रा है। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई से जुड़े विवाद पर पूछे गए सवालों का उन्होंने सीधा जवाब देने से परहेज किया।

#### मुख्यमंत्री पर भी साधा निशाना

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री पर लगाए जा रहे जमीन खरीद और लाभ लेने के आरोपों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने ऊपर लग रहे आरोपों पर सार्वजनिक रूप से जवाब देना चाहिए।


---

### देवनगरी बस्ती हुई भावविभोर, कलेक्टर वर्मा की आगमन पर खुशियों की हुई बौछार

# बच्चों ने हाथों से बने ग्रिटिंग कलेक्टर को दिए गिफ्ट

**निर्धन परिवार के सैकड़ों बच्चों के जीवन में शिक्षा का हुआ उजाला, जन्मप्रमाण - पत्र बनने के साथ अब स्कूल में भी हुआ बच्चों का प्रवेश**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



कलेक्टर शिवम वर्मा ने अपना वादा निभाते हुए शुक्रवार को देवनगरी बस्ती के बच्चों के बीच पहुंचे। दरअसल एयरपोर्ट के सामने देवनगरी बस्ती के सैकड़ों बच्चे घर पर जन्म होने के चलते जन्मप्रमाण पत्र से वंचित थे। इस बात को सामाजिक कार्यकर्ता मोहित सिंह चौहान और रजत सिंह पटेल द्वारा कई दिनों पहले जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष रखा गया था।

बच्चे भी इन्हीं के साथ जनसुनवाई में पहुंचे थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल इन बच्चों के भविष्य के लिए उचित निर्णय लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम ने 2 दिवसीय कैंप लगाकर सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाए।

वही बच्चों की अन्य प्रतिभाओ को देखते हुए उन्हें खेलखुद गतिविधियों की किट भी बांटी। आज जब स्वयं कलेक्टर शिवम वर्मा ने अपने हाथों जन्म प्रमाण पत्र बांटे तो बच्चे और उनके माता पिता भाव - विभोर हो गए।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन पर सभी वर्गों के हित के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। वही उन्हीं के निर्देशन पर जनसुनवाई पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता से किया जा रहा है।

आज मुझे बेहद खुशी है कि जनसुनवाई में आए सभी बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र बनाए गए , वही उनकी अन्य समस्याओं के भी समाधान किया जा रहा है। आगामी दिनों में उनके स्वास्थ्य कैंप लगाने के साथ अन्य प्रकार के कैंप भी लगातार सभी के हित में कार्य किए जाएंगे। बच्चे स्वस्थ रहे और पढ़ाई में भी हमेशा आगे रहे यही बात उन्हें भी कही गई है। कार्यक्रम में प्रमोद दुबे, सिद्धार्थ बरवालिया, शुभम दयाल, देव सिंह चौहान, सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

---

# आईडीए की फर्जी एनओसी से नक्शा पास कराने की कोशिश

**हुक्माखेड़ी की जमीन को लेकर टीएनसीपी को किया गुमराह, महिला सहित तीन गिरफ्तार**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आईडीएम के नाम से फर्जी एनओसी तैयार कर नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय से नक्शा स्वीकृत कराने का प्रयास करने वाले गिरोह का तुकोगंज पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में कार्रवाई की है।

आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी की शिकायत पर थाना तुकोगंज में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने स्कीम 97/4 स्थित ग्राम हुक्माखेड़ी की भूमि पर आवासीय नक्शा मंजूर कराने के लिए आईडीए अधिकारी के नाम से फर्जी एनओसी तैयार की और उसे नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय, इंदौर में प्रस्तुत कर धोखाधड़ीपूर्वक नक्शा पास कराने का प्रयास किया।

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आजाद नगर निवासी सानिया शेख, शांतिदीप कॉलोनी निवासी राजा सिंह तथा निपानिया निवासी पंकज व्यास शामिल हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

पुलिस अब इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और संभावित नेटवर्क की जांच कर रही है। टीआई जितेंद्र चौहान का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और जल्द ही अन्य लिप्त लोगों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

---

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर ब्लैकमेलिंग का जाल

# अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ठगे गहने और नकदी, आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने छात्रा की तस्वीरों को एडिट कर अश्लील बनाया और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उससे सोने के आभूषण और नकदी ऐंठ ली।

पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, मोती तबेला क्षेत्र निवासी छात्रा की इंस्टाग्राम पर फरवरी 2026 में पड़ोस में रहने वाले नैतिक नामक युवक से पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हो गया। इसके बाद आरोपी वीडियो कॉल पर भी बात करने लगा। कुछ समय बाद आरोपी ने छात्रा की तस्वीरों को एडिट कर अश्लील बना दिया और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

**डर के कारण दे दिए सोने के गहने-** आरोपी की धमकियों से घबराई छात्रा ने 18 मार्च को अपनी मां के सोने के एक जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी झुमके और एक सोने की अंगूठी कागज में लपेटकर आरोपी को दे दिए। आरोपी ने गहने लेने के बाद कहा कि अब वह उसे परेशान नहीं करेगा।

#### फिर मांगे 10 हजार रुपए




करीब ढाई महीने बाद, 2 जून को आरोपी ने दोबारा छात्रा को फोन कर 10 हजार रुपए की मांग की। उसने फिर धमकी दी कि यदि रुपए नहीं दिए तो वह फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इस बार छात्रा ने हिम्मत दिखाई और पूरी घटना अपनी मां को बता दी। इसके बाद परिजन पंढरीनाथ थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

#### आरोपी गिरफ्तार, सुनार से भी होगी पूछताछ

एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी नैतिक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने छात्रा से लिए गए सोने के आभूषण एक सुनार को बेच दिए थे। अब पुलिस उस सुनार से भी पूछताछ कर रही है, ताकि आभूषणों की बरामदगी और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले में ब्लैकमेलिंग, धोखाधड़ी और पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है तथा जांच जारी है।

---

### ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ श्री ब्रह्मोत्सव महापर्व

# श्री रामानुज स्वामीजी की भव्य निकली सवारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



**वैदिक अनुष्ठानों से गूंजा छत्रीबाग**

इंदौर के छत्रीबाग स्थित पावन सिद्धधाम श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में शुक्रवार से सप्त दिवसीय श्री ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। ध्वजारोहण, वैदिक अनुष्ठानों, महाभिषेक और संत प्रवचनों के बीच आरंभ हुए इस उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रातःकाल वेंकटरमण गोविंदा, श्रीनिवास गोविंदा नाम-जप परिक्रमा और श्रृंगार आरती के बाद दक्षिण भारतीय वैदिक परंपरा के अनुसार गरुड़ ध्वजा का पूजन एवं आरोहण किया गया। नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज के सान्निध्य में दक्षिण भारत से पधारे विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। गरुड़ ध्वजा को स्वर्ण स्तंभ पर स्थापित कर विशेष भोग अर्पित किया गया।

आयोजकों के अनुसार गरुड़ ध्वजारोहण का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा, वातावरण की शुद्धि तथा उत्सव के निर्विघ्न संपन्न होने की मंगलकामना करना है। वैष्णव परंपरा में इसे ब्रह्मोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक अनुष्ठान माना जाता है।

ध्वजारोहण के साथ अंकुरारोपण, कंकणधारण, विद्वत वरण तथा सप्तदिवसीय यज्ञ का शुभारंभ भी किया गया। यजमान रमेश चितलांगया परिवार के संकल्प के साथ रजत कलशों की सहस्त्रधारा से श्री रामानुज स्वामीजी महाराज का महाभिषेक संपन्न हुआ। इस दौरान स्वर्ण एवं रजत पुष्पों से विशेष अर्चना की गई।

**संतों ने दिया भक्ति और शरणागति का संदेश-** संत सभा में स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज ने कहा कि भगवान के उत्सवों में सहभागिता ही सच्ची भक्ति का स्वरूप है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में सांसारिक चिंताओं को छोड़कर प्रभु चिंतन और नाम-स्मरण में समय बिताने का आग्रह किया। युवराज स्वामी माधवप्रपन्नाचार्यजी महाराज ने आचार्य परंपरा की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु ही भक्त को भगवान के चरणों तक पहुंचाने का माध्यम होते हैं, इसलिए आचार्य के प्रति श्रद्धा और आज्ञापालन वैष्णव जीवन का आधार है। इस अवसर पर अयोध्या से पधारे श्री अनंताचार्य स्वामीजी और मुमुक्षरामजी महाराज ने भी श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए। सायंकालीन सत्र में श्री रामानुज स्वामीजी की भव्य सवारी रजत वाहन पर निकाली गई। वेणुगोपाल संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों के वैदिक पाठ और सीहोर से आए भजन गायक हर्षित शास्त्री की प्रस्तुति ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन के बीच झूमते हुए प्रभु की परिक्रमा में शामिल हुए। उत्सव के पहले दिन विशेष श्रृंगार में भगवान वेंकटेश बर्फीली घाटी और शेषनाग की छत्रछाया में विराजमान दिखाई दिए। कृत्रिम हिमवर्षा और जलधाराओं से सुसज्जित यह अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

---

### कनाड़िया से राऊ तक पैचवर्क उखड़ाः बायपास की सर्विस रोड सालभर से बदहाल, हर दिन हो रहे हादसे... पर मरम्मत तक नहीं

# पानी और कीचड़ जमा रहने से वाहन चालकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



बायपास के शहरी हिस्से में पहली ही बारिश ने सर्विस रोड की गुणवत्ता की पोल खोल दी है। सबसे खराब स्थिति बिचौली मदार्ना से देवगुराड़िया के बीच है। यहां सड़क पर एक से डेढ़ फीट तक गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इनमें बारिश का पानी और कीचड़ जमा रहने से वाहन चालकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और खराब हो रही है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि एक साल से ज्यादा समय से सड़क की मरम्मत नहीं हुई। रोज दोपहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं और छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। देवगुराड़िया से पत्थर मुंडला के बीच करीब 500 मीटर हिस्से में सैकड़ों ट्रकों की आवाजाही और खड़े रहने से सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है।

एमआर-10 ब्रिज पर जून के अंत तक एक तरफ से यातायात शुरू करने का दावा किया था, लेकिन राऊ की ओर एप्रोच रोड और रिटेनिंग वॉल का निर्माण अब भी अधूरा है। इसे पूरा होने में कम से कम एक महीने और लग सकता है। अधूरे निर्माण कार्यों से सड़कों पर बढ़ रहा वाहनों का दबाव बिचौली मदार्ना-देवगुराड़िया के बीच सबसे ज्यादा खराब सर्विस रोड। एक साल से स्थायी मरम्मत नहीं, केवल पेवर ब्लॉक से पैचवर्क। पहली बारिश में पैचवर्क भी उखड़ा। खुली नालियां और जलभराव हादसों का खतरा बढ़ा रहे हैं। एमआर-10 ब्रिज का काम फिर लेट, ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। तेजाजी नगर, कनाड़िया, झलारिया के पास भी सड़कें कई जगह खराब समस्या केवल बिचौली मदार्ना तक सीमित नहीं है।

#### कंट्रोल रूम, एप, जोन ऑफिसों में रोज आ रही 15 से 20 शिकायतें

नगर निगम के शिकायत एप 311, निगम कंट्रोल रूम और जोन कार्यालय पर रोजाना 15 से 20 शिकायतें मिल रही है। अफसरो के मुताबिक इन शिकायतों को हल करने के लिए एक व्यवस्था बनी हुई है। शिकायत मिलने पर इसे यातायात विभाग को दे दिया जाता है। जहां से इसका निराकरण होता है।

# दतिया उपचुनाव- नरोत्तम मिश्रा का टिकट क्यों कटा?

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ दतिया**




मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने ऐन वक्त पर पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर पूर्व संभागीय संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया। जबकि पिछले करीब चार महीने से नरोत्तम चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे थे।

प्रदेश भाजपा ने उनका नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली से मिले फीडबैक, सत्ता-संगठन के संतुलन और चुनावी रणनीति को देखते हुए पार्टी ने आखिरी समय में उम्मीदवार बदलने का फैसला किया।

सूत्रों के मुताबिक 6 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद प्रदेश भाजपा ने दतिया सीट के लिए केंद्रीय नेतृत्व को डॉ. नरोत्तम मिश्रा का सिंगल नाम भेजा था। इसके बाद दिल्ली में कराए गए फीडबैक में नरोत्तम की स्थिति उतनी मजबूत नहीं मिली। उनके बेटे सुकर्ण मिश्रा को लेकर भी आंतरिक रिपोर्ट मंगाई गई, जिसमें माहौल पक्ष में नहीं बताया गया। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व ने जीत की संभावना को देखते हुए आशुतोष तिवारी के नाम पर मुहर लगा दी। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक नरोत्तम मिश्रा शिवराज सरकार में नंबर-2 की भूमिका वाले नेताओं में रहे हैं। यदि वे उपचुनाव जीतते तो उन्हें फिर मंत्री बनाए जाने और अहम विभाग मिलने की चर्चा तेज हो जाती। इससे प्रदेश सरकार और संगठन में एक नया पावर सेंटर खड़ा हो सकता था। इसे भी टिकट बदलने के बड़े कारणों में माना जा रहा है।

मौजूदा सरकार में कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जैसे प्रभावशाली नेता पहले से मौजूद हैं। वहीं शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीडी शर्मा भी प्रदेश की राजनीति में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में पार्टी किसी नए शक्ति केंद्र के उभरने का जोखिम नहीं लेना चाहती थी। माना जा रहा है कि आलाकमान ने इसी संतुलन को ध्यान में रखते हुए आशुतोष तिवारी को मौका दिया।

भाजपा ने नरोत्तम की जगह भी ब्राह्मण चेहरे पर ही भरोसा जताया। दतिया में 30 हजार से ज्यादा ब्राह्मण और लगभग इतनी ही संख्या में जाटव मतदाता हैं। भाजपा के परंपरागत वोट बैंक में ब्राह्मण और कुशवाह समाज की अहम भूमिका मानी जाती है। ऐसे में पार्टी ने संघ की पृष्ठभूमि वाले स्थानीय ब्राह्मण नेता आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया।

नरोत्तम मिश्रा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। वे कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में पार्टी के रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। इसके बावजूद उनका टिकट कटना भाजपा के भीतर बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# मध्यप्रदेश के 15 हजार पुलिसकर्मियों पर डिमोशन का खतरा

## डीपीसी प्रक्रिया शुरू; कार्यवाहक प्रभार वापस लेकर मूल पद पर भेजा जाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**




मध्य प्रदेश में पिछले करीब पांच साल से कार्यवाहक पदोन्नति के आधार पर उच्च पदों पर कार्यरत लगभग 15 हजार पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति अब खतरे में पड़ गई है। मध्य प्रदेश पदोन्नति नियम-2025 लागू होने के बाद नियमित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

डीपीसी में तय मापदंडों पर खरे नहीं उतरने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यवाहक प्रभार वापस लेकर उन्हें उनके मूल पद पर भेजा जाएगा। इस संभावना से पुलिस विभाग में असंतोष का माहौल बनने लगा है। प्रदेश में वर्ष 2016 से नियमित पदोन्नति की प्रक्रिया रुकी हुई थी। इसी वजह से वर्ष 2021 से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को कार्यवाहक पदोन्नति देकर उच्च पदों का प्रभार सौंपा गया था। अब नियमित पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने के साथ इन सभी मामलों की दोबारा समीक्षा की जा रही है।

कार्यवाहक पदोन्नति वापस लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इसकी पहली बड़ी कार्रवाई पांढुर्णा जिले में हुई, जहां पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के रूप में कार्यरत 32 पुलिसकर्मियों का प्रभार समाप्त कर उन्हें उनके मूल पद आरक्षक पर पदस्थ करने के आदेश जारी किए हैं। अब ये सभी पुलिसकर्मी आरक्षक के पद और उसी रैंक में ड्यूटी करेंगे।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप की गई है। लंबे समय तक नियमित पदोन्नति नहीं होने के कारण कार्यवाहक व्यवस्था लागू की गई थी।

### एसआईआर, सजा और लंबित मामलों की हो रही जांच

नियमित डीपीसी से पहले पिछले पांच वर्षों के सेवा रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। इसमें एसआईआर (वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन), विभागीय दंड, निलंबन और न्यायालय में लंबित मामलों को आधार बनाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार करीब एक हजार अधिकारी-कर्मचारी ऐसे हैं, जिन पर इस प्रक्रिया का सीधा असर पड़ सकता है। अगले चार-पांच दिनों में इस संबंध में और कार्रवाई होने की संभावना है।

### डॉक्टर की संविदा समाप्त,2 बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकी

छतरपुर में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। जिला स्वास्थ्य समिति और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में एक डॉक्टर की संविदा सेवा समाप्त करने, दो बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने, पांच अधिकारियों का वेतन काटने और 29 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी नियंत्रण, टीकाकरण, कुपोषण और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

## सीहोर जिला अस्पताल में एंबुलेंस नहीं मिली, बाद अस्पताल में तड़पता रहा बच्चा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीहोर**

सीहोर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां गंभीर रूप से बीमार एक मासूम की भोपाल रेफर किए जाने के बाद समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में एंबुलेंस खड़ी होने के बावजूद कोई वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे बच्चा मां की गोद में ही दम तोड़ गया। घटना के बाद अस्पताल की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और एंबुलेंस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, परिजन अपने गंभीर रूप से बीमार बच्चे को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सीहोर लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए तत्काल भोपाल रेफर कर दिया। परिजनों को जल्द से जल्द बच्चे को भोपाल ले जाने की सलाह दी गई थी। परिजनों का आरोप है कि रेफरल मिलने के बाद उन्होंने अस्पताल प्रशासन से एंबुलेंस उपलब्ध कराने की गुहार लगाई, लेकिन काफी देर तक कोई वाहन नहीं मिला। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर में कई एंबुलेंस खड़ी थीं, लेकिन अधिकांश खराब होने के कारण उनका उपयोग नहीं किया जा सका।

## मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन हल्की बारिश का दौर, अगले हफ्ते फिर हेवी रेन का अलर्ट

# भोपाल-इंदौर समेत 30 जिलों में कोटे से ज्यादा बरसात

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन तक हल्की बारिश का दौर रहेगा। कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, मौजूदा सिस्टम कमजोर हो रहा है। इसलिए 11, 12 और 13 जुलाई को रिमझिम बारिश होगी। 14 जुलाई को जरूर कुछ जिलों में हेवी रेन होने का अनुमान है।

शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर समेत सभी 55 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। यहां आंधी की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, पाकिस्तान के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर अगले सप्ताह देखने को मिलेगा।

एक्सपर्ट का कहना है कि तेज बारिश का दौर थमना खरीफ फसलों के लिए बेहतर है। दरअसल, कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। इस वजह से खेतों में पानी भर गया और फसलों में गलन की स्थिति बनने लगी। बारिश थमने से ऐसा नहीं होगी।

प्रदेश में इस बार पूरे जून महीने आंधी-बारिश का दौर रहा। बावजूद इसके कोटे से 30 प्रतिशत पानी कम बरसा, लेकिन जुलाई के 9 दिनों ने यह कोटा न सिर्फ पूरा कर दिया, बल्कि 10 प्रतिशत ज्यादा पानी बरसा दिया। आंकड़ों की बात करें तो प्रदेश में अब तक कुल 240 मिमी यानी, 9.5 इंच पानी गिर चुका है। यह सामान्य बारिश 222.1 मिमी (8.8 इंच) से 8 प्रतिशत ज्यादा है। पूर्वी हिस्से में 8 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जबकि पश्चिमी हिस्से में औसत से 24 प्रतिशत पानी ज्यादा गिरा है। मौसम विभाग के अनुसार, जून में कम बारिश हुई है, लेकिन जुलाई से काफी उम्मीदें हैं। इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे- भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है। जुलाई के महीने में ही प्रदेश में कोटे की 40 प्रतिशत तक बारिश होती है।

प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है।

### देवास में 18 इंच पानी गिरा, भोपाल-इंदौर भी बेहतर

प्रदेश में देवास सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला है। यहां 115 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो यहां अब तक 18 इंच बारिश हो चुकी है। इंदौर-सीहोर में 14 इंच बरसात हुई है। हरदा में 15 इंच पानी गिर चुका है। भोपाल में 13.1 इंच पानी गिरा है। आगर-मालवा, अशोकनगर, बैतूल, बुरहानपुर, गुना, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, विदिशा, अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, पांढुर्णा, पन्ना, सागर, सिवनी और उमरिया जिले भी बेहतर स्थिति में है। आलीराजपुर में सबसे कम सवा 2 इंच ही बारिश हुई है।



### इंदौर में 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश का रिकॉर्ड

इंदौर की बात करें तो 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 27 जुलाई 1913 में हुई थी। वर्ष 1973 को पूरे महीने 30.5 इंच पानी गिरा था। बारिश के चलते यहां भी तापमान में गिरावट देखने को मिलती है।

राजधानी भोपाल में जुलाई में खूब बारिश होती है। यहां एक ही महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 को हुई थी। 22 जुलाई 1973 को एक ही दिन में 11 इंच बारिश हुई थी, जो अब तक का रिकॉर्ड है। भोपाल में बारिश के दिनों की बात करें तो जुलाई महीने में एवरेज 15 दिन बारिश होती है। यानी, हर दूसरे दिन पानी बरसता है। महीने की एवरेज बारिश 367.7 मिमी यानी 14.4 इंच है। बारिश के चलते दिन का तापमान 30 और रात में पारा 25 डिग्री से कम रहता है।

### इन जिलों में सामान्य से कम/ज्यादा बारिश

**कम बारिश वाले जिले-** अनूपपुर, बालाघाट, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आलीराजपुर, दतिया, धार, झाबुआ, मुरैना, नर्मदापुरम, रायसेन और शिवपुरी।

**ज्यादा बारिश वाले जिले-** आगर-मालवा, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, गुना, ग्वालियर, हरदा, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नीमच, राजगढ़, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, उज्जैन, विदिशा, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना और सिवनी।

## 135 से ज्यादा गौशालाओं के बावजूद सड़कों पर डेरा जमाए गौवंश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजगढ़**

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे-52 पर शुक्रवार रात एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से सड़क पर बैठी एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जबकि गाय का शव देर रात तक सड़क पर पड़ा रहा। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर खुलेआम घूम रहे निराश्रित गौवंश और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हादसा बड़बेली गांव के पास नेशनल हाईवे-52 पर हुआ। रात के समय सड़क पर बैठी गाय को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाय की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लंबे समय तक गाय का शव सड़क पर पड़ा रहने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात होते ही नेशनल हाईवे-52 पर बड़ी संख्या में निराश्रित गायें सड़क पर बैठ जाती हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच बैठे गौवंश के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन चालक गायों को बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो देते हैं, जिससे गंभीर सड़क हादसे भी हो चुके हैं।

### तहसील चौराहा भी बना गौवंश का ठिकाना

समस्या केवल हाईवे तक सीमित नहीं है। खिलचीपुर तहसील चौराहे सहित शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भी रात के समय बड़ी संख्या में गायें बैठी दिखाई देती हैं। इससे यातायात प्रभावित होता है और राहगीरों व वाहन चालकों के लिए जोखिम बढ़ जाता है।

### फसलों की सुरक्षा के लिए गांवों से बाहर किया जा रहा गौवंश

ग्रामीणों के अनुसार, खरीफ सीजन में खेतों में बुवाई होने के बाद किसान फसलों को नुकसान से बचाने के लिए निराश्रित गौवंश को गांवों में नहीं आने देते। इसी कारण गायें रात के समय हाईवे, शहर की सड़कों और प्रमुख चौराहों पर आकर बैठ जाती हैं। परिणामस्वरूप आए दिन सड़क हादसों में बेजुबान पशुओं की जान जा रही है।

## भोपाल के ज्यादा हीट एरियों की मैपिंग, लू से बचाएंगे

### निगम-एनआईयूए के बीच एमओयू; कूल रूफिंग-विशेष कोटिंग के प्रयास करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

बढ़ती गर्मी और लू के खतरे से भोपाल शहर को सुरक्षित बनाने के लिए शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की पहल पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (ठक्वअ) और भोपाल नगर निगम के बीच एमओयू साइन हुए। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन और एनआईयूए की ओर से निदेशक डॉ. डेबोलिना कुंडू ने हस्ताक्षर किए।

यह समझौता ज्ञापन अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव के शमन के लिए अध्ययन एवं पायलट परियोजना के अंतर्गत हस्ताक्षरित हुआ, जो अमृत 2.0 रिफॉर्म्स के तहत देश के 12 चयनित शहरों में क्रियान्वित की जा रही है।

भोपाल नगर निगम को हीट एडेप्टेशन एवं मिटिगेशन हस्तक्षेपों के लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय 5 करोड़ रुपए का अनुदान देगा। प्रोजेक्ट की अवधि 15 महीने है। सेटेलाइट डेटा एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से भोपाल के उन क्षेत्रों की मैपिंग की जाएगी, जहां तापमान शहर के औसत से अधिक रहता है। इसके बाद आर्थिक एवं सामाजिक रूप से संवेदनशील बस्तियों और कामकाजी वर्गों की पहचान कर उन्हें गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।



### कूल रूफ टेक्नोलॉजी

शहर की इमारतों एवं छतों पर तापमान कम करने वाली तकनीकों (कूल रूफिंग, विशेष कोटिंग) को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं, ग्रीन कवर बढ़ाने, छायादार सार्वजनिक स्थानों के निर्माण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नागरिकों को लू से बचाव के उपाय सिखाने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। भोपाल नगर निगम एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा, जो शहर-स्तरीय आधारभूत आकलन, यूएचआई सत्यापन, हस्तक्षेप योजना के क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार होंगे। निगम द्वारा एक दीर्घकालिक हीट रेजिलिएंट सिटी फ्रेमवर्क एवं प्लान भी तैयार किया जाएगा।



## खबर एक नजर...

### फाइनेंस मैनेजर से 1.31 लाख की लूट का खुलासा, दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा

**सागर।** सागर जिले की बहेरिया थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी की महिला मैनेजर से हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए बैग, कंपनी का टैबलेट, 50 हजार रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। मामले में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई को भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (इंडसइंड बैंक) में संगम मैनेजर के पद पर कार्यरत पूनम कहार ने बहेरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि फील्ड से समूह ऋण की वसूली कर स्कूटी से लौटते समय उनके बैग में कंपनी की 95,025 रुपये की कलेक्शन राशि, उनके 20 हजार रुपये, कंपनी का टैबलेट, बायोमैट्रिक मशीन और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे थे। कुल सामान की कीमत करीब 1.31 लाख रुपये थी।

वारदात उस समय हुई जब पूनम कहार वरुण स्मृति उद्यान और वेयरहाउस के बीच सुनसान रास्ते से गुजर रही थीं। तभी नीले रंग की बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे और स्कूटी का स्टैंड खुला होने की बात कहकर उन्हें रुकवा लिया। जैसे ही उन्होंने स्टैंड देखने के लिए स्कूटी रोकी, बीच में बैठे युवक ने स्कूटी में टंगा बैग झपट लिया। वहीं पीछे बैठे आरोपी ने स्कूटी को लात मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गईं। इसके बाद तीनों आरोपी बैग लेकर मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बहेरिया पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, राहगीरों से पूछताछ की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान मिले तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो विधि-विरुद्ध बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### पहली बारिश में उखड़ी दीवार, पुल की नींव पर खतरा, प्रोटेक्शन वॉल बही

**देवास।** देवास के होशियारी और मकोडिया गांवों को जोड़ने वाला स्टॉप डेम कम पुल पहली ही बारिश के बाद सवालों के घेरे में है। पुल के दोनों ओर बनाई गई प्रोटेक्शन वॉल बह गई है। इससे ज्यादा चिंता की बात यह है कि दीवार के पीछे की भराव मिट्टी भी कई जगह से कट गई है। फिलहाल पुल पर आवाजाही जारी है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यदि तेज बारिश या बाढ़ आई तो यही कटाव आगे चलकर पुल की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। मौके पर पहुंचने पर पुल के दोनों सिरों पर प्रोटेक्शन वॉल के हिस्से टूटे मिले। जहां सुरक्षा दीवार बनी थी, वहां कई जगह केवल कंक्रीट के अवशेष और बह चुकी मिट्टी दिखाई दी। पुल के एप्रोच के पास भराव वाली मिट्टी खिसकने से गड्ढेनुमा जगह बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक नदी में बड़ा उफान नहीं आया है। सामान्य बारिश और शिप्रा नदी में छोड़े गए पानी के बहाव से ही यह स्थिति बन गई। ग्रामीणों का मानना है कि यदि मानसून के अगले दौर में पानी का दबाव बढ़ा तो कटाव और तेज हो सकता है। ग्रामीण इरफान पटेल, धीरज बना, गोलू वर्मा, टेपू शेख, रंजनसिंह चौहान, लाखन सिंह राठौर, नवाब शेख और शेर मोहम्मद पटेल का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया गया। उनका कहना है कि सरियों और निर्माण सामग्री का उपयोग मानकों के अनुरूप नहीं हुआ। इसी कारण सुरक्षा दीवार पहली ही बारिश में टिक नहीं सकी।

### श्रीगंगानगर गैंगरेप के दोषियों को फांसी, नगर की सुरक्षा मजबूत करने की मांग

**मंडला।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 वर्षीय नाबालिग बालिका से कथित सामूहिक दुष्कर्म और मानव तस्करी के विरोध में मंडला में युवक कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। शुक्रवार रात महाराजपुर में आयोजित इस मार्च के माध्यम से पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गई। मार्च के समापन पर, कार्यकताओं ने महाराजपुर थाना प्रभारी डॉ. जय सिंह यादव को सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। युवक कांग्रेस नेता मयूर चौधरी ने बताया कि कैंडल मार्च के जरिए राजस्थान और केंद्र सरकार से दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई कर उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की गई है। उन्होंने मंडला में ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ने आने वाली छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर भी जोर दिया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने श्रीगंगानगर की घटना को 'बेहद शर्मनाक' बताया। उन्होंने कहा कि दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए, जिससे समाज में अपराध करने वालों को कड़ा संदेश मिले। डॉ. मर्सकोले ने मंडला जिले में महिला एवं बालिका तस्करी के मामलों पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की भी मांग की।

### बुखार की दवा समझकर बच्चे ने खा ली चूहामार दवा, दस वर्षीय मासूम की मौत

**हरदा।** हरदा जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम कोथमी में दस वर्षीय एक बालक की शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बालक ने कथित तौर पर बुखार की दवा समझकर चूहामार दवा का सेवन कर लिया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कोथमी निवासी अनारसिंह कलम ने बताया कि उनके छह बच्चों में से चौथे नंबर के बेटे विकास कलम को दो दिनों से बुखार था। गुरुवार सुबह विकास ने बुखार की दवा समझकर चूहामार दवा खा ली। दवा खाने के बाद उसे उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद उसे सिराली अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां शुक्रवार शाम करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई।

# शेख हसीना बोलीं- दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी...



> वे मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, मेरी हत्या भी कर सकते हैं, लेकिन मुझे लौटना ही होगा। अगर मौत भी आए, तो मैं अपने देश की मिट्टी पर मरना चाहती हूं, जहां मेरे माता-पिता दफन हैं।
>
> **शेख हसीना**
> पूर्व प्रधानमंत्री, बांग्लादेश

## कहा- कोर्ट में सरेंडर करूंगी, हत्या हो जाए तो भी मंजूर, देश की धरती पर मरना चाहती हूं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका**


बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह दिसंबर में भारत से बांग्लादेश देश लौटेंगी और कोर्ट में सरेंडर करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके साथ अवामी लीग के कई सीनियर नेता भी आत्मसमर्पण करेंगे।

रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- अवामी लीग के लगभग सभी बड़े नेताओं और कार्यकताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं और कई लोग छिपकर रहने को मजबूर हैं। हालांकि, हसीना ने वापसी की तारीख नहीं बताई। हसीना 2024 में सरकार विरोधी आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद उन्हें छात्र आंदोलन पर कार्रवाई से जुड़े मामले में मौत की सजा सुनाई गई। वह इन आरोपों से इनकार करती रही हैं।

शेख हसीना ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश लौटने को लेकर सरकार से कोई बातचीत नहीं की है। उनका कहना है कि लोकतंत्र, चुनाव, अवामी लीग के राजनीतिक अधिकार और न्याय जैसे मुद्दों पर पर्दे के पीछे बातचीत नहीं हो सकती। हसीना ने दावा किया कि बांग्लादेश सरकार उन्हें वापस भेजने के लिए भारत को लगातार पत्र लिख रही है। उन्होंने कहा, ₹मुझे वापस लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, मैं खुद ही लौटूंगी। हालांकि, हसीना के इस दावे पर बांग्लादेश सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं भारत ने भी फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले अप्रैल में भारत ने कहा था कि वह बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध पर विचार कर रहा है और नई सरकार के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है।

### हसीना बोलीं- अगर गलती की है तो फैसला जनता करे

शेख हसीना ने कहा कि उन्हें जेल जाने का डर नहीं है, क्योंकि वह पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में लंबे समय तक रहने वाली किसी भी सरकार से गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उसका फैसला अदालत नहीं, जनता को करना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹अगर हमारी सरकार से गलतियां हुई हैं, तो जनता फैसला करेगी। रॉयटर्स के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में 2024 के छात्र आंदोलन पर कार्रवाई में करीब 1,400 लोगों की मौत होने की बात कही गई है। इसी मामले में शेख हसीना को अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई गई थी। हसीना ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि अदालत की सुनवाई शुरू होने पर सच्चाई सामने आ जाएगी। राजधानी ढाका के पास सावर में चार दिन पहले सोमवार को शेख हसीना विरोधी रैली के दौरान बम धमाका हुआ था। इस हमले में 3 लोग घायल हुए, जबकि मंच पर छात्र आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल नाहिद इस्लाम समेत नेशनल सिटिजन पार्टी (ठउढ) के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। धमाका सोमवार रात करीब 9:45 बजे उस समय हुआ, जब पार्टी की एक नेता सभा को संबोधित कर रही थीं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह रैली जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन की दूसरी बरसी के मौके पर निकाली गई थी। इसी आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। फिलहाल धमाके की वजह साफ नहीं हो सकी है और मामले की जांच जारी है।




### बांग्लादेश सरकार बोली- शेख हसीना को वापस लाने की कोशिश जारी

बांग्लादेश सरकार के मुताबिक हसीना को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने मंगलवार को बताया था कि हसीना को अदालत के सामने पेश करने के लिए सरकार राजनयिक स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है और इस प्रक्रिया में कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हसीना को वापस लाने की प्रक्रिया अंतरिम सरकार के समय शुरू हुई थी और मौजूदा सरकार भी इसे आगे बढ़ा रही है। उनके मुताबिक, प्रत्यर्पण अंतरराष्ट्रीय नियमों और कानूनी प्रक्रिया के तहत ही होता है, इसलिए इसमें समय लगना स्वाभाविक है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत इस मामले में सहयोग कर रहा है, तो उन्होंने सीधे जवाब नहीं दिया।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट फाइनल, 1.72 लाख करोड़ निवेश करेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में धानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें 18 अहम फैसले हुए, जिनमें 10 समझौतों पर साइन किए गए। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना बढ़ाकर करीब ?35 हजार करोड़ करने का लक्ष्य रखा।

दोनों देशों ने अपने रिश्तों को स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस साल रिकॉर्ड 9 महीने में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है। न्यूजीलैंड अगले 15 सालों में भारत में 1.72 लाख करोड़ (20 अरब डॉलर) निवेश करेगा। साथ ही 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में भी मदद करेगा। पीएम मोदी आज ऑकलैंड में 40 हजार भारतीयों को संबोधित करेंगे। मोदी 6 से 11 जुलाई तक अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। वे आज ही नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। यह 40 साल बाद किसी भारतीय पीएम की न्यूजीलैंड यात्रा है। इससे पहले 1986 में राजीव गांधी न्यूजीलैंड गए थे।

ऑकलैंड में गाला लंच के दौरान न्यूजीलैंड पीएम लक्सन ने कहा कि क्रिकेट हमेशा भारत और न्यूजीलैंड को जोड़ने वाली खास कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रळअक्र फाउंडेशन के बच्चों के साथ स्ट्रीट क्रिकेट खेलने का अनुभव उन्हें हमेशा याद रहेगा। उस मैच में उनकी टीम में कपिल देव थे, जबकि दूसरी टीम में रॉस टेलर और अजाज पटेल शामिल थे। लक्सन ने मजाक में कहा था कि क्या रॉस टेलर किसी बच्चे की गेंद पर आउट हो सकते हैं, लेकिन अगली ही गेंद पर 11 साल के भारतीय बच्चे ने करीब 110 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंद फेंककर उन्हें बोल्ड कर दिया।

लक्सन ने कहा कि इस घटना ने उन्हें एक बार फिर दिखाया कि क्रिकेट को लेकर भारत का जुनून कितना गहरा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आज जिस स्पोर्ट्स जॉइंट एक्शन प्लान पर सहमति बनी है, उससे कोचिंग, युवा और महिला खेल, हाई-परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स, खेल विज्ञान, तकनीक, पर्यटन और कारोबार जैसे क्षेत्रों में सहयोग और मजबूत होगा।

### ट्रम्प बोले-मेरी हत्या हुई तो जवाबी कार्रवाई, आदेश दे चुका:

# ईरान से बातचीत जारी पर सीजफायर खत्म; रिपोर्ट- अमेरिका ने इजराइल से फाइटर जेट्स हटाए



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान उनकी हत्या करता है तो अमेरिका जवाबी कार्रवाई करेगा। न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मैं काफी समय से उनके निशाने पर हूं। अगर मेरे साथ कुछ हुआ तो मैंने पहले ही ऐसे आदेश दे दिए हैं कि ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जाए।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि अमेरिका ईरान से बातचीत के लिए तैयार हो गया है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि दोनों देशों के बीच हुआ सीजफायर अब खत्म हो चुका है। उधर, इजराइली मीडिया कान न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इजराइल से अपने 12 ऋ22 स्टेल्थ फाइटर जेट वापस बुलाने शुरू कर दिए हैं। ये विमान फरवरी से इजराइल के ओवदा एयरबेस पर तैनात थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन्हें ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के लिए भेजा गया था और इन्होंने हालिया हमलों में भी हिस्सा लिया था। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि अगर इजराइल ने उसके अहम ठिकानों पर फिर हमला किया तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इससे पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने हमले की चेतावनी दी थी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के उस दावे को खारिज कर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर उसका नियंत्रण है। उएठळ-उडट ने कहा कि अब तक 800 से ज्यादा कारोबारी जहाजों और 38 करोड़ बैरल कच्चा तेल होर्मुज पार कर गया है।

### कतर ने अमेरिका और ईरान से तनाव कम करने की अपील की

कतर ने दोनों देशों से समझौते का पालन करने और बातचीत जारी रखने की अपील की। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनाए रखने पर जोर दिया। आपात बैठक में रूस की प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ईरान के नागरिक ढांचे पर अमेरिका और इजराइल के हमलों का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ा तो वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और ऊर्जा संकट लंबा खिंच सकता है। अमेरिका ने इजराइल-लेबनान संघर्षविराम लागू कराने के लिए अपनी सैन्य टीम लेबनान भेजी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अधिकारी शुक्रवार को बेरूत पहुंचे। अगले हफ्ते रोम में इजराइल और लेबनान के अधिकारियों के बीच तकनीकी स्तर की बैठक होगी। बैठक में 26 जून को हुए अमेरिकी मध्यस्थता वाले समझौते को लागू करने पर चर्चा होगी। इसके तहत इजराइली सेना को लेबनान के इलाकों से चरणबद्ध तरीके से हटाया जाना है। अमेरिकी विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि दोनों देशों के साथ समन्वय जारी है। विभाग के मुताबिक, समझौता अब लागू करने के चरण में पहुंच चुका है और अगले कुछ दिनों में पहले इलाके से इजराइली सेना की वापसी शुरू हो सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर समझौता तोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने अब तक अपनी सभी प्रतिबद्धताएं निभाई हैं, लेकिन अमेरिका लगातार टङ्कव की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अराघची ने लिखा, ₹ईरान ने अपना वादा निभाया है, लेकिन अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी समझौते के पैरा-9 का उल्लंघन कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है, अमेरिका पहले भी कई बार समझौते से पीछे हट चुका है। उन्होंने कहा कि आगे समझौता तभी चल सकता है, जब दोनों देश बराबरी से नियमों का पालन करें। उनके मुताबिक, एकतरफा तरीके से समझौते को लागू नहीं किया जा सकता।

# स्पेन के जंगल में भीषण आग, 12 की मौत, 4 लोग कार में जिंदा जले, 19 अब भी लापता

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन**





स्पेन के दक्षिणी हिस्से में एंडालूसिया के लॉस गैलार्डोस में शुक्रवार को जंगल की भीषण आग में 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 19 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई गई है।

रॉयटर्स के मुताबिक, एक गाड़ी में चार लोग जिंदा जल गए। उनकी कार का स्टीयरिंग व्हील दाईं ओर था, जिससे वे ब्रिटिश लग रहे थे। वहीं, अपनी कारें छोड़ भागने की कोशिश कर रहे 7 लोग भी मृत पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि वे निर्धारित निकासी मार्ग की बजाय दूसरे रास्ते से निकलने की कोशिश कर रहे थे और वहीं उनकी मौत हो गई।

एंडालूसिया की इमरजेंसी सर्विस ने शुरूआती कॉल के आधार पर बताया कि बिजली की गिरी हुई वायर से आग लगी, जो तेजी से जंगल में फैल गई। दूसरी तरफ बिजली कंपनी एंडेसा के प्रवक्ता ने इस दावे से इनकार करते हुए कहा कि जांच में जिस केबल की बात हो रही है, उसमें बिजली का प्रवाह ही नहीं था। इसलिए आग की असली वजह की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। 12 मौतों के साथ यह 2005 के बाद स्पेन की सबसे घातक जंगल की आग मानी जा रही है। 2005 में ग्वाडालाहारा प्रांत में बारबेक्यू से लगी आग में 11 फायरफाइटरों की मौत हुई थी। उस हादसे के बाद स्पेन ने जंगल की आग की रोकथाम और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम में बड़े बदलाव किए थे।

शुक्रवार को इस भीषण आग को काबू पाने के लिए करीब 150 फायरफाइटर जुटे हैं, जबकि सेना की इमरजेंसी यूनिट भी राहत और बचाव अभियान में शामिल हो गई है।

### ज्यादातर विदेशी नागरिक

एंडालूसिया के आपातकाल प्रमुख एंटोनियो सान्ज के मुताबिक, मरने वालों में एक स्पेनिश नागरिक और बाकी ज्यादातर विदेशी नागरिक बताए जा रहे हैं। शुरूआती जानकारी के अनुसार कई लोगों ने अधिकारियों के घर में ही सुरक्षित रहने के निर्देशों का पालन नहीं किया और कारों से भागने की कोशिश की। इसी दौरान वे आग की चपेट में आ गए। लॉस गालार्डोस के मेयर फ्रांसिस्को मिगुएल रेयेस ने स्थानीय रेडियो से कहा, ₹यह पहली बार है जब हमने इतनी भयावह आग देखी है। पूरा इलाका ऐसा लग रहा है, जैसे यहां बम गिरा हो। राहत अभियान के बीच कई परिवार सोशल मीडिया पर अपने लापता परिजनों की जानकारी साझा कर रहे हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि यह घटना उन्हें गहरे दुख और तबाही का एहसास करा रही है।

## ईरान बोला- होर्मुज में दखल दिया तो करारा जवाब देंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान**

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में दखल दिया तो करारा जवाब दिया जाएगा। ईरानी न्यूज एजेंसी क्ऋछअ के मुताबिक, अमेरिका ने हमला जारी रखा तो होर्मुज सामान्य नहीं हो पाएगा और कई देशों को आर्थिक नुकसान होगा।

दूसरी ओर, ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस से जुड़े एक रणनीतिक रेलवे पुल पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। अमेरिका ने पिछले 2 दिनों में ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका-ईरान युद्ध को निष्पक्ष तरीके से खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी समझौता ऐसा होना चाहिए जिसमें सिर्फ लड़ने वाले देशों का ही नहीं, बल्कि सभी पक्षों का हित शामिल हो। पत्रकारों से बात करते हुए लावरोव ने कहा कि इस मौजूदा स्थिति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे न केवल ईरान, उसके पड़ोसी देश और अमेरिका, बल्कि दुनिया के बाकी सभी देश भी किसी न केवल किसी रूप में प्रभावित हो रहे हैं। गुरुवार को ईरान के मशहद शहर में इमाम रजा दरगाह में पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को दफनाया गया। इस दौरान उनके बेटे और नए सर्वोच्च नेता मोझताबा खामेनेई सार्वजनिक रूप से कहीं नजर नहीं आए।

## 30 हजार फीट पर प्लेन की खिड़की टूटी, पैसेंजर का सिर-कंधा बाहर निकले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्रीस**

ग्रीस के आकाश में एक फ्लाइट की खिड़की टूट जाने से बड़ा हादसा टल गया। इससे कैबिन में अचानक दबाव कम हो गया।

उस खिड़की के नजदीक बैठे 61 साल के पैसेंजर का सिर और कंधे खिड़की से बाहर निकल गए। उस समय प्लेन 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। एक महिला पैसेंजर ने बताया कि बुजुर्ग को पास बैठी पत्नी ने बचाया। जैसे ही वह विंडो से बाहर निकलने लगे, उनकी पत्नी ने जोर से दोनों पैर पकड़ लिए।

इसके बाद दूसरे पैसेंजर ने मदद की और उन्हें अंदर खींचा। अच्छी बात यह रही कि पीड़ित शख्स बेल्ट बांधे था, इससे वह बाहर नहीं फिंका। यह घटना मैसिडोनिया के ऊपर हुई। फ्लाइट ग्रीस के थेसालोनिकी से जर्मनी के मेमिंगेन जा रही थी। विमान कंपनी रायनएयर ने बताया कि पैसेंजर को जलने जैसी चोटें आई हैं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत ठीक है।

घायल यात्री सर्बिया का टूरिस्ट है। प्लेन ने सुबह 5.55 मिनट पर (ग्रीस के समय के अनुसार) थेसालोनिकी से उड़ान भरी थी। घटना के समय प्लेन में मौजूद महिला पैसेंजर ने रेडियो थेसालोनिकी को बताया, 'घटना के समय ज्यादातर पैसेंजर सो रहे थे। तभी टायर फटने जैसी तेज आवाज आई। इसके तुरंत बाद लोगों की चीखें सुनाई दीं।' 'हमें तुरंत समझ आ गया कि विमान के अंदर दबाव कम हो गया है। कुछ पल के लिए मुझे लगा कि किसी ने गलती से इमरजेंसी दरवाजा खोल दिया है।₹

इसके बाद ऑक्सीजन मास्क नीचे आ गए और कैबिन में तेज गंध फैल गई। एक यात्री का सिर और कंधे खिड़की से बाहर थे। उसने सीट बेल्ट नहीं खोला था। इसके बाद आसपास बैठे लोगों ने उसे पकड़कर वापस अंदर खींच लिया। ग्रीक मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, विमान के इंजन से अलग हुए किसी पुर्जे के टुकड़े की वजह से खिड़की टूट गई। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रायनएयर ने बयान जारी कर कहा कि विमान को वापस थेसालोनिकी लौटना पड़ा। विमान ने सामान्य तरीके से लैंडिंग की। सभी यात्रियों को सुरक्षित टर्मिनल पहुंचाया गया। एयरलाइन ने बताया कि बाकी यात्रियों को मेमिंगेन पहुंचाने के लिए एक दूसरा विमान भेजा गया।



मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥

**भावार्थ** : लक्ष्मी के पुत्र कर्दम की हम संतान हैं। कर्दम ऋषि ! आप हमारे यहाँ उत्पन्न हों तथा पद्मों की माला धारण करनेवाली माता लक्ष्मीदेवी को हमारे कुल में स्थापित करें।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 11 जुलाई, 2026

मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः॥

**भावार्थ** : मन की कामनाओं और संकल्प की सिद्धि एवं वाणी की सत्यता मुझे प्राप्त हो। गौ आदि पशु एवं विभिन्न प्रकार के अन्न भोग्य पदार्थों के रूप में तथा यश के रूप में श्रीदेवी हमारे यहाँ आगमन करें।

## सम्पादकीयम्

### एकतायाः विषये प्रश्नाः

कोलकातानगरे निर्वाचनोत्तरहिंसायाः विरुद्धं धर्नाविरोधं कृत्वा निर्वाचनकाले भाजपायाः अनियमिततायाः आरोपं कृतवती। सा पराजयस्य निराशायाः दलं बहिः आकर्षयितुं युद्धभावनायाः प्रक्षेपणं कर्तुं उद्दिश्यते, यद्यपि अस्मिन् समये आव्हानानि भयंकराणि दृश्यन्ते। एकतायाः विषये प्रश्नाः टीएमसी १९९८ तमे वर्षे आरम्भात् एव कठिनतमं चरणं गच्छति इति वादः अस्ति। पक्षस्य एकतायाः विषये संशयाः सन्ति। ममता स्वविधायकानां सभाम् आहूता आसीत्, परन्तु ८० मध्ये २० जनाः एव उपस्थिताः आसन्। तदनन्तरं दलविरोधिकार्यस्य आरोपेण विधायकद्वयं निष्कासितम्। एते एव विधायकाः जालहस्ताक्षरस्य प्रकरणस्य विषये शिकायतां कृतवन्तः; यदि आरोपाः सत्याः सिद्धाः भवन्ति तर्हि दलस्य क्लेशाः अधिकं वर्धन्ते। इदानीं निलम्बितः प्रवक्ता रिजुदत्तः दावा करोति यत ५० विधायकाः टीएमसीतः विच्छिद्य दलस्य प्रतीकस्य दावान् दावान् कर्तुं शक्नुवन्ति। कठिनतायाः राजनीतिः : निर्वाचनपराजयानन्तरं दलनेतृणां कार्यकर्तृणां च एकतां स्थापयितुं एकं आव्हानं इति स्पष्टम्। तमिलनाडुदेशे अपि परिणामानां अनन्तरं एआइएडीएमके-सङ्घस्य अन्तः विद्रोहस्य सूचनाः उद्भूताः। कतिपयवर्षेभ्यः पूर्वं महाराष्ट्रे शिवसेनायां महती विभाजनं दृश्यते स्म। अपि च बङ्गदेशे सत्ताधारी दलः सामान्यतया सम्पूर्णव्यवस्थायां वर्चस्वं धारयति, येन विपक्षस्य कृते अल्पं स्थानं त्यजति।

### अस्मिन् अवसरे आस्ट्रेलियादेशस्य प्रधानमन्त्री एन्थोनी अल्बानीस्

# क्रीडा इव केन्द्रीभूता भवति, निर्णयाः टी-२०-क्रीडा इव द्रुताः भवन्ति

### प्रधानमन्त्री मोदी इत्यस्य स्वागतं कृत्वा तं ऑस्ट्रेलियादेशस्य सच्चा मित्रम् इति उक्तवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेलबर्न



मेलबन्-नगरं विश्वस्य क्रीडाराजधानी इति वर्णयन् प्रधानमन्त्री मोदी भारत-ऑस्ट्रेलिया-सम्बन्धयोः क्रिकेट्-क्रीडायाः च समानान्तरं कृतवान्। भारत-ऑस्ट्रेलिया-सम्बन्धस्य कूटनीतिकभाषा क्रिकेट्-क्रीडायाः सदृशी इति अवलोक्य क्रीडायाः चर्चां विना मेलबन्-नगरस्य भ्रमणं अपूर्णं भविष्यति इति सः टिप्पणीं कृतवान् तस्य मते द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये समागमस्य कार्यसूची एकदिवसीय-क्रीडा इव केन्द्रीभूता भवति, निर्णयाः टी-२०-क्रीडा इव द्रुताः भवन्ति, साझेदारी च स्थायित्वं, दृढं, विश्वसनीयं च भवति-टेस्ट्-क्रीडा इव।

अस्मिन् अवसरे आस्ट्रेलियादेशस्य प्रधानमन्त्री एन्थोनी अल्बानीस् प्रधानमन्त्री मोदी इत्यस्य स्वागतं कृत्वा तं ऑस्ट्रेलियादेशस्य सच्चा मित्रम् इति उक्तवान्। मेलबन्-नगरस्य भारतीयसमुदायस्य ऊर्जा द्वयोः राष्ट्रयोः दृढसम्बन्धस्य प्रतीकं भवति इति सः अवदत्। भारतीयसमुदायं द्वयोः देशयोः मध्ये जीवितसेतुः इति वर्णयन् अल्बानीजः अवलोकितवान् यत् तेषां द्विपक्षीयसम्बन्धेभ्यः नूतनं बलं ऋणं दत्तम्।

आतङ्कवादविरुद्धयुद्धे च स्वस्य दृढनीतिं प्रभावीरूपेण कार्यान्वितुं समर्थः अस्ति। प्रौद्योगिकीक्षेत्रे भारतस्य उपलब्धीनां प्रकाशनं कुर्वन् प्रधानमन्त्री मोदी भारतं विश्वस्य द्वितीयं बृहत्तमं 5जी मार्केट् जातम् इति उल्लेखितवान्। सः उल्लेखितवान् यत् देशः 'मेड इन इण्डिया' 6जी प्रौद्योगिक्याः विषये तीव्रगत्या कार्यं कुर्वन् भविष्ये डिजिटलप्रौद्योगिकीषु वैश्विकनेतृत्वं प्रति गच्छति। अल्बानीदेशीयः वर्षत्रयपूर्वं भारतभ्रमणकाले प्रधानमन्त्रिमोदीना सह अहमदाबादनगरे यत् रोडशों कृतवान् तस्य अपि स्मरणं कृतवान्। सः नरेन्द्रमोदीक्रीडाङ्गणे रथयात्रायाः जीवनस्य स्मरणीयानाम् अनुभवानां मध्ये एकः इति वर्णितवान्। इदानीं प्रधानमन्त्रिणा मोदी इत्यनेन अवलोकितं यत् विगत १२ वर्षेषु तस्य तृतीयः आस्ट्रेलिया-देशस्य यात्रा अस्ति, यस्मिन् काले द्वयोः राष्ट्रयोः सम्बन्धाः नूतनाः ऊर्ध्वतां प्राप्तवन्तः अस्याः उपलब्धेः श्रेयः सः उभयोः सर्वकारयोः अपि च भारतीयप्रवासिनः अपि दत्तवान्।

भारत-ऑस्ट्रेलिया-देशयोः वार्षिकशिखरसम्मेलने व्यापारः, निवेशः, रक्षासहकारः, महत्त्वपूर्णखनिजाः, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, जनानां मध्ये सम्पर्कः इत्यादिषु क्षेत्रेषु सम्बन्धान् अधिकं सुदृढं कर्तुं विस्तृतविमर्शः अभवत् भविष्ये स्वस्य सामरिकसाझेदारीम् अधिकविस्तारस्य प्रतिबद्धता अपि उभौ राष्ट्रौ पुनः उक्तवन्तौ। प्रधानमन्त्री मोदी इत्यस्य प्रभावशालिनः सन्देशाः, द्वयोः देशयोः मध्ये कृताः महत्त्वपूर्णाः सम्झौताः च कूटनीतिक-राजनैतिक-दृष्ट्या अस्याः भ्रमणस्य अत्यन्तं महत्त्वपूर्णं कृतवन्तः।

### मेटा इत्यस्य अनुशंसा

# एल्गोरिदम् बाल यौनशोषण सम्बद्धानां विडियोनां सामग्रीनां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

निष्कासयति च मेटा इत्यनेन अपि उक्तं यत् सः नूतनानां प्रौद्योगिकीषु निवेशं निरन्तरं करिष्यति, स्वस्य विज्ञापनसमीक्षाव्यवस्थां अधिकं सुदृढं करिष्यति, बाल-किशोर-उपयोक्तृणां रक्षणार्थं अतिरिक्त-सुरक्षा-व्यवस्थाः च कार्यान्वयिष्यति इति कम्पनी दावान् करोति यत् तस्याः एआइ-प्रणाली शङ्कितानां सामग्रीनां पहिचानं कृत्वा तस्य विरुद्धं तत्कालं कार्यवाही कर्तुं समर्था अस्ति।

मेटा इत्यस्य अनुशंसा एल्गोरिदम् बालयौनशोषणसम्बद्धानां विडियोनां सामग्रीनां च प्रचारं कुर्वन् आसीत् इति आरोपितानां प्रतिवेदनानां अनन्तरं सर्वकारस्य दृढं वृत्तिः अस्ति। एतेषां दावानां कारणेन सामाजिकमाध्यममञ्चस्य सुरक्षातन्त्राणि, सामग्रीसंचालनव्यवस्थाः, बालकानां ऑनलाइनसुरक्षा च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति।

अस्मिन् एव कार्यक्रमे सूचनाप्रौद्योगिकीसचिवः एस. सः अवदत् यत् भारतस्य प्रमुखं वैश्विकसञ्चालनकेन्द्रं भवितुम् अपारक्षमता वर्तते। तस्य मते देशः पृष्ठकार्यालयसेवासु एव सीमितः न तिष्ठति अपितु भविष्ये वैश्विक-अग्रभाग-सञ्चालनस्य महत्त्वपूर्णकेन्द्ररूपेण अपि उद्भवितुं शक्नोति सः अवदत् यत् अस्य लक्ष्यस्य प्राप्तौ कृत्रिमबुद्धिः प्रमुखः उत्प्रेरकः सिद्धः भविष्यति। सम्प्रति केन्द्रसर्वकारः मेटा इत्यस्य औपचारिकप्रतिक्रियायाः प्रतीक्षां कुर्वन् अस्ति। मन्त्रालयेन प्रतिक्रियायाः समीक्षायाः अनन्तरं कम्पनीविरुद्धं अधिकानि नियामककार्याणि वा कानूनीकार्याणि आरभ्यत इति निर्णयः क्रियते।

### न्यायालयेन अवलोकितं यत् सर्वकारेण निर्गताः प्रशासनिकपरिपत्राणि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

सुनवाये उच्चन्यायालयेन राज्यसर्वकारस्य निर्णयः वैधानिकनियमानां विरुद्धः इति निर्णयः कृतः न्यायालयेन अवलोकितं यत् सर्वकारेण निर्गताः प्रशासनिकपरिपत्राणि कानूनस्य अन्तर्गतं निर्मितानाम् नियमानाम् स्थानान्तरणं कर्तुं न शक्नुवन्ति। यदि नियमाः कस्यचित् व्यक्तिस्य अधिकारं ददति तर्हि सः अधिकारः प्रशासनिक-आदेशैः वा परिपत्रैः वा निष्प्रभः कर्तुं न शक्यते। न्यायालयेन राज्यसर्वकाराय निर्देशः दत्तः यत् याचिकाकर्ता 'स्वतन्त्रतासेनानी सम्माननिधि' (मान्यता) इत्यस्य लाभं प्रदातुम्, यत् डिसेम्बर २०१२ तः प्रभावी भवति। ततश्च, तस्य अवधिस्य सर्वेषां बकायाबकाशानां गणना, ६० दिवसेषु तेषां भुक्तिः च इति आदेशः दत्तः।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन धैर्य बनाए रखें। क्लियर कदम, निरंतर कार्य और लोगों के विनम्र शब्दों पर ध्यान केंद्रित करें।

**वृषभ** : रोमांस से जुड़ी सभी दिक्कतें आज के दिन सॉल्व की जा सकती हैं। पैसे कमाने में कोई प्रॉब्लम नहीं आएगी।

**मिथुन** : लिस्ट बनाएं और एक समय में एक ही कदम उठाएं। जब दूसरों को मदद की जरूरत हो तो दयालु बनें।

**कर्क** : काम के प्रति आपकी लगन पॉजिटिव परिणाम लाएगी। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**सिंह** : आपकी छोटी-छोटी नियमित आदतें आने वाले समय के लिए उपयोगी परिणाम ला सकती हैं।

**कन्या** : सरल कार्य निरंतर प्रगति और शांति की ओर ले जाएंगे। घर और कार्यक्षेत्र में होने वाले परिवर्तन आपको प्रेरित करेंगे।

**तुला** : आपको प्रोफेशनल लाइफ में सफलता मिलेगी। फाइनेंशियल रूप से, आप निवेश करने के लिए अच्छी स्थिति हो सकते हैं।

**वृश्चिक** : बुद्धि का उपयोग करके पहेलियों को सॉल्व करें। आर्थिक दिक्कतें हो सकती हैं और आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**धनु** : गपशप और जल्दबाजी में किए गए वादों से बचें। छोटे-छोटे कार्यों की योजना बनाएं और सीखने का आनंद लें।

**मकर** : रचनात्मक विचार आ सकते हैं, उन्हें लिख लें। यदि आप सावधानीपूर्वक योजना बनाते हैं तो आर्थिक मामले स्थिर रहेंगे।

**कुंभ** : आज आपका मन शांत रहेगा। आज के दिन आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए।

**मीन** : आज छोटे-छोटे डिसीजन आपके लिए नए मौके खोल सकते हैं।कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या नहीं आएगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# 12 जुलाई तक इन राशियों पर मेहरबान रहेगी किस्मत, हर काम में हो सकते हैं सफल

चंद्रमा का गोचर कुछ राशि वालों के लिए शुभ रहने वाला है। जातकों के लिए आर्थिक उन्नति, करियर में नए अवसर, पारिवारिक सुख और प्रेम संबंधों में मधुरता के प्रबल योग बनेंगे।

चंद्रमा 10 जुलाई को शाम 6 बजकर 44 मिनट पर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। वह 12 जुलाई तक इसी राशि में विराजमान रहेंगे। वृषभ राशि के स्वामी शुक्र हैं और चंद्रमा का यह गोचर शुक्र के शुभ प्रभाव को और अधिक मजबूत करेगा। इसका सकारात्मक असर कई राशियों पर देखने को मिलेगा। इस दौरान आर्थिक उन्नति, करियर में नए अवसर, पारिवारिक सुख और प्रेम संबंधों में मधुरता के प्रबल योग बनेंगे। आइए जानते हैं किन राशियों पर चंद्रमा का यह गोचर सबसे अधिक शुभ प्रभाव डाल सकता है।



**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों को इस गोचर का विशेष लाभ मिलने की संभावना है। यदि आपका कोई धन लंबे समय से अटका हुआ है, तो उसके वापस मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं या बेहतर अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी और वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ आय बढ़ने के भी संकेत हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को इस दौरान कई क्षेत्रों में सफलता मिलने के योग हैं। प्रेम संबंधों में चल रही गलतफहमियां दूर हो सकती हैं और रिश्तों में पहले से अधिक मधुरता आएगी। रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। साथ ही आय के नए स्रोत बनने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और भौतिक सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि होगी।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों को लंबे समय से चल रहे कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत मिलने की संभावना है। प्रेम संबंध पहले से अधिक मजबूत होंगे और वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बढ़ेगा। आपकी मेहनत का पूरा फल मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्य के सिलसिले में यात्रा के योग बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभदायक साबित होगी। आय में लगातार बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और भविष्य के लिए बचत करने में भी सफलता मिलेगी।

### बेल्जियम पर भारी पड़ी गोलकीपर लामेन्स की गलती, मेरिनो ने विजयी गोल दागा

# स्पेन फुटबॉल वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंगलवुड

2010 की चैंपियन स्पेन फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने शुक्रवार रात बेल्जियम को 2-1 से हराया। अब उसका सामना फ्रांस से होगा। यह मैच 14 जुलाई की रात 12:30 बजे खेला जाएगा।

लॉस एंजिल्स स्टेडियम में दूसरा क्वार्टर फाइनल 87 मिनट तक 1-1 से बराबरी पर था। 88वें मिनट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने विजयी गोल दागा। स्पेन के पाउ क्यूबार्सी की किक बेल्जियम के रिजर्व गोलकीपर सेने लामेन्स के हाथ से छूट गई। मेरिनो ने रिबाउंड पर गोल कर दिया।

स्पेन की टीम वर्ल्ड कप इतिहास में तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंची है। उसने पिछली बार 2010 में इस दौर में जगह बनाई थी। उस एडीशन में स्पेन ने नीदरलैंड को 1-0 से हराकर पहला खिताब जीता था।

आज रात 2:30 बजे से नार्वे-इंग्लैंड और कल सुबह 6:30 बजे से अर्जेंटीना-स्विटजरलैंड के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे। इन मैचों से दूसरे सेमीफाइनल की टीमें तय होंगी।



### गोलकीपर कोर्टुआ चोटिल हुए, रिजर्व गोलकीपर पर बढ़ा दबाव

बेल्जियम के अनुभवी गोलकीपर थिबाउ कोर्टुआ 71वें मिनट में जांघ की चोट के कारण मैदान छोड़ने को मजबूर हुए। उनकी जगह आए सेने लामेन्स निर्णायक क्षण में रिबाउंड नहीं संभाल सके, जिसका स्पेन ने फायदा उठाया।

**मैच में खास-** चार्ल्स डी केटेलेरे ने स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन के लगातार 650 मिनट तक गोल नहीं खाने का सिलसिला तोड़ दिया। सिमोन ने सबसे ज्यादा समय तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इटली के दिग्गज गोलकीपर वाल्टर जेंगा का 517 मिनट का रिकॉर्ड तोड़ा था। स्पेन लगातार 36 इंटरनेशनल मैच से अजेय है। टीम को पिछली हार 2023 में कोलंबिया से मिली थी। उसने 2019-22 के बीच अर्जेंटीना के लगातार 36 मैच अजेय रहने के रिकॉर्ड की बराबरी की है। वह इटली के लगातार 37 जीत के रिकॉर्ड से एक जीत पीछे है।

### मेरिनो ने लगातार दूसरे मैच में निर्णायक गोल किया

मिकेल मेरिनो लगातार दूसरे नॉकआउट मैच में स्पेन के मैच विनर साबित हुए। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के खिलाफ इंजरी टाइम में विजयी गोल किया था। बेल्जियम के खिलाफ 86वें मिनट में मैदान पर उतरने के दो मिनट बाद ही उन्होंने निर्णायक गोल दाग दिया। वह टीम के सबसे भरोसेमंद इम्पैक्ट खिलाड़ी साबित हुए हैं। जनवरी 2026 में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ मैच के दौरान मेरिनो के दाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया था। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। करीब चार महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद उन्होंने वर्ल्ड कप टीम में वापसी की।

### स्पेन ने इस वर्ल्ड कप में पहला गोल खाया

स्पेन ने 30वें मिनट में फाबियन रुइज के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, बेल्जियम ने 41वें मिनट में चार्ल्स डी केटेलेरे के गोल से बराबरी कर ली। यह वर्ल्ड कप में स्पेन के खिलाफ पहला गोल था।

### यूरोप की 2 सबसे मजबूत टीमें में सेमीफाइनल

स्पेन और फ्रांस मौजूदा दौर की सबसे मजबूत यूरोपीय फुटबॉल टीमों में गिनी जाती हैं। स्पेन तेज पासिंग और बॉल पोजिशन के लिए जाना जाता है, जबकि फ्रांस की ताकत तेज काउंटर अटैक और मजबूत फॉरवर्ड लाइन है। ऐसे में सेमीफाइनल को टूनामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा है।

# जर्मनी के ज्वेरेव पहली बार विंबलडन फाइनल में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी को 7-6, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार विंबलडन फाइनल में जगह बना ली। फ्रेंच ओपन चैंपियन ज्वेरेव अब रविवार को होने वाले फाइनल में मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर और नोवाक जोकोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। 29 साल के ज्वेरेव 1995 के बाद विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी बने हैं। साथ ही वे फ्रेंच ओपन जीतने के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले ओपन एरा के तीसरे खिलाड़ी भी बन गए।

# भारत को हराकर नंबर-1 टी 20 टीम बन सकता है इंग्लैंड



ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथैम्पटन

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला साउथैम्प्टन के रोज बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। इंग्लैंड ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। पहला मुकाबला बारिश की वजह से बेनतीजा रहा था, जबकि अगले तीनों मैच मेजबान टीम ने जीते।

**पांचवां मैच आज, रोज बाउल में इंडिया अब तक नहीं हारी**

8 मार्च 2026 को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारत एक भी टी-20 मैच नहीं जीत सका है। टीम लगातार 6 मैचों से जीत का इंतजार कर रही है। अगर भारत यह मुकाबला हारता है तो पहली बार तीन या उससे ज्यादा मैचों की टी-20 सीरीज गंवाएगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड जीत के साथ भारत को पीछे छोड़कर टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 टीम बन जाएगा।

श्रेयस अय्यर कप्तान बनने के बाद अब तक एक भी टी-20 इंटरनेशनल नहीं जीत सके हैं। हालांकि, उन्होंने मौजूदा सीरीज में दो अर्धशतक लगाए हैं। पिछले मुकाबले में उन्होंने 49 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए थे।

भारत ने रोज बाउल स्टेडियम में अब तक सिर्फ एक टी-20 इंटरनेशनल खेला है और उसे जीता है। 7 जुलाई 2022 को खेले गए मुकाबले में हार्दिक पंड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन (51 रन और 4 विकेट) की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 50 रन से हराया था। इसी मैच में अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

## खबर एक नजर...

### महिला श्रद्धालुओं की गाड़ी तलाशने में लगे 2 घंटे

**उज्जैन।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर से ट्रेवलर गाड़ी में 22 महिलाओं का दल महाकाल दर्शन करने गुरूवार को उज्जैन पहुंचा था। सभी देर शाम दर्शन करने मंदिर पहुंचे। दर्शन के बाद दल में शामिल 2 महिला श्रद्धालु मंजू पाटिल और वैशाली पाटिल भीड़ की वजह से बिछड़ गये। उनका मोबाइल भी ट्रेवलर गाड़ी में रखा था, जिसके चलते उन्हे साथियों के नम्बर भी याद नहीं थे। दोनों ने अपने साथियों की तलाश के लिये महाकाल थाना पुलिस से संपर्क किया। थाना प्रभारी गगन बादल ने एफआरवी 17 और एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को महिला श्रद्धालुओं के साथियों की तलाश करने की कमान सौंपी। एएसआई चौहान ने महिलाओं से जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि वह महाराष्ट्र पासिंग ट्रेवलर में सवार होकर आये थे। जिसके बाद पुलिस टीम ने मंदिर के आसपास पार्किंग स्थलों पर महाराष्ट्र पासिंग ट्रेवलर की तलाश शुरू की, करीब 2 घंटे बाद चारधाम पार्किंग में उक्त ट्रेवलर मिल गई। दोनों महिला श्रद्धालुओं को उनके साथियों से मिलवाया गया। दल में उनके परिवार के भी लोग शामिल थे। जिन्होने मंजू पाटिल और वैशाली पाटिल के मिलने पर पुलिस का आभार माना और कार्यप्रणाली के साथ मानवीय व्यवहार की सराहना की।

### शंकरपुर चौराहा पर कार ने मारी बाइक को टक्कर

**उज्जैन।** शंकरपुर चौराहा पर शुक्रवार शाम तेजगति से दौड़ती कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में 2 मासूम और उनका बड़ा पापा घायल हुआ है। टक्कर मारने के बाद क्रमांक एमपी 13 एजी 8978 चालक मौके से लेकर भाग निकला। दोनों मासूमों के साथ उनके बड़े पापा को चरक अस्पताल लाया गया। जहां सामने आया कि घायलों में मुजैफ उर्फ हमजा पिता मुस्तकीम 5 साल निवासी शंकरपुर, उमेर पिता नईम 3 साल और मोहम्मद इमरान पिता युनूस 30 साल निवासी महिदपुर शामिल है। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद इमरान शंकरपुर आया था और दोनों बच्चों को बाइक से आईक्रीम दिलाने के लिये चौराहा पर गया था। दुर्घटना की खबर मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंच घायलों के बयान दर्ज कर कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है। दुर्घटनास्थल पर लोगों का कहना था चालक शराब के नशे में लग रहा था।

### सड़क हादसे में घायल युवक की 8 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम लसुडिया में 2 जुलाई को सड़क हादसे में मंगल पिता प्रतापसिंह 22 साल गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लाये थे, जहां निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। शुक्रवार तड़के मंगल की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि मंगल मजदूरी करता था और उसकी सालभर पहले शादी हुई थी। भाई महेन्द्र का कहना था कि बाइक से घर लौटते समय रास्ते में अज्ञात जानवर सामने आ गया था, जिसके चलते संतुलन बिगड़ने पर गिर गया था, मंगल को सिर में गंभीर चोंट आई थी।

### सोयाबीन बोई थी, भाई ने मक्का बोकर किया कब्जा

**उज्जैन।** इंगोरिया के में रहने वाले लोकेश पिता रामचंद्र जाट का महिदपुर तहसील के ग्राम ढाबला वेणी में 2 बीघा का खेत है। लोकेश बचपन से अपनी बुआ के पास रहता है। बुआ ने महिदुपर में 2 बीघा जमीन उसके नाम की थी। जून माह में लोकेश ग्राम ढाबला वेणी पहुंचा था और सोयाबीन की बोवनी कर लौट आया था। शुक्रवार सुबह वह दोबारा ढाबाला वेणी पहुंचा तो पता चला कि उसके भाई दिनेश जाट ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया और सोयाबीन को नुकसान पहुंचाकर उसमें मक्का की बोवनी कर दी है। दोनों भाईयों का इसी बात पर विवाद हो गया। लोकेश ने मामले की शिकायत महिदपुर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने दिनेश के खिलाफ फसल का नुकसान करने और खेत पर कब्जा करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### वृद्ध के साथ मारपीट

**उज्जैन।** बडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलू में रहने वाले 57 वर्षीय कन्हैयालाल पिता मूलचंद चावड़ा के साथ पड़ोसी युवक द्वारा मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। वृद्ध की शिकायत पर बड़नगर थाना पुलिस ने मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। वृद्ध का कहना था कि पडोसी घर के पास नाली में कैले के छिलके फेंक रहा था, उसे मना किया तो मारपीट की है।

### भोपाल में राष्ट्रीय अधिवेशन एवं कार्यशाला 7-8 अक्टूबर को

**उज्जैन।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन का भोपाल में राष्ट्रीय अधिवेशन एवं कार्यशाला 7-8 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। इसमें संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम भारद्वाज ने देते हुए बताया कि संगठन के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन होटल पुखराज में किया गया। इसमें अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त का राष्ट्रीय अधिवेशन भोपाल में 7-9अक्टूबर को आयोजित किए जाने की रुपरेखा बनाई गई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 790-6 | 239-4 |
| मेन बाजार | 350-8 | 380-1 |
| मिलन डे | 448-6 | 228-2 |
| मिलन नाइट | 135-9 | 278-7 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 |

सिंहस्थ की देखी तैयारियां, दुकान पर पहुंचकर बनाई जलेबी

# हेलमेट पहन बुलेट से गृहनगर में घूमे मुख्यमंत्री

## पैदल भ्रमण भी किया टावर पर आम लोगों से हाथ मिलाया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शुक्रवार को नागदा में उज्जैन-जावरा 4 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे निर्माण का भूमिपूजन करने के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव गृह नगर उज्जैन पहुंचे। डीआरपी हेलीपेड पर हेलीकाप्टर से वे आए और सीएम हाउस गए । वहां से वे बाईक पर सुरक्षा अधिकारियों के साथ शहर भ्रमण पर निकले। उन्होंने निर्माण कार्यों को देखा और आमजन से सीधी मुलाकात की ।

बाईक सवार मुख्यमंत्री डा.यादव के सारथी सुरक्षा अधिकारी बने थे। उनकी बाईक को सुरक्षा कर्मचारी आसपास घेरे चल रहे थे। अधिकारी भी इस दौरान बाईक पर सवार होकर पीछे पीछे चल रहे थे। बाईक पर सवार मुख्यमंत्री ने शहर में आमजन से जय श्री महाकाल के उद्धोष के साथ कई स्थानों पर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। सीएम हाउस से उन्होंने प्रोटोकॉल छोड़कर बाइक पर शहर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण शुरू किया, जिसके बाद उन्होंने पैदल भ्रमण भी किया और आम लोगों से मुलाकात की।





**जलेबी बनाई, चाय मंगवाई, गर्म पानी पीया-** कंठाल चौराहे पर मुख्यमंत्री एक पुरानी परिचित जलेबी की दुकान पर भी रुके। उन्होंने स्वयं जलेबी बनाई, चाय मंगवाई और गर्म पानी का सेवन किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्र राजनीति के दिनों से ही उनका इस दुकान से गहरा जुड़ाव रहा है।

### पैदल पहुंचे कोयला फाटक-

सीएम हाउस से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाइक पर सवार होकर पुलिस कंट्रोल रूम, टावर चौक से होते हुए फ्रीगंज ब्रिज पहुंचे। यहां उन्होंने ब्रिज निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद वे पैदल ही मेडिसिटी का कार्य देखते हुए कोयला फाटक तक गए। इस दौरान कई अधिकारी भी उनके साथ बाइक पर मौजूद थे। रास्ते में लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक मुख्यमंत्री ने लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने सड़क चौड़ीकरण, अन्य निर्माण कार्यों और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जीरन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में किया था पेश

# अफीम तस्करी में शामगढ़ जीआरपी थाना प्रभारी रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संभाग के नीमच जिला अंतर्गत अफीम तस्करी प्रकरण में जीरन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नीमच के पूर्व जीआरपी थाना प्रभारी एवं वर्तमान में शामगढ़ जीआरपी थानाप्रभारी मूल पद एएसआई कन्हैयालाल भाटी को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। इस दौरान श्री भाटी ने मिडिया को कहा कि उन्हे झूठा फंसाया गया है। मैंने किसी को अफीम नहीं दी है।

जीरन थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को श्री भाटी को मूल आरोपी के मेमोरेंडम एवं बयान के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियां सामने आने पर उन्हें गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट के समक्ष पेश किया गया था। न्यायालय ने एएसआई भाटी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। उनका मेडिकल करवाया गया है। रिमांड के दौरान उनसे मूल आरोपी मंगलसिंह द्वारा डेढ किलो अफीम उनसे खरीदने की पुष्टि एवं प्रमाण एकत्रित किए जाएंगे। प्रारंभिक स्थिति में मूल आरोपी एवं श्री भाटी के बीच के साक्ष्य सामने आए हैं।

### ये है पूरा मामला

7 जुलाई को जीरन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति से केस्ट्रोल की हरे रंग की बाल्टी मे भरा 4 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त किया था। पुलिस ने सीमखेडा फंटा महु नीमच हाईवे रोड पर एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर जाने की मुखबीर सूचना पर यह कार्रवाई की थी। पुलिस ने सूचना स्थल से मंगलसिह पिता कुशालसिह निवासी सीमखेडा को हडबडाने पर पुलिस सहायता केन्द्र हर्कियाखाल पर अग्रिम कार्यवाही की। आरोपी मंगलसिह पिता कुशालसिह के कब्जे वाली केस्ट्रोल की हरे रंग की बाल्टी मे भरा 4 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर उसके विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर जांच शुरू की थी।



पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने 1.5 किलो अफीम शामगढ जीआरपी थाना प्रभारी एएसआई कन्हैयालाल भाटी से लेने की जानकारी पुलिस को दी थी। इस पर मेमोरेंडम लेकर उसके बयान करवाए गए। एएसआई भाटी को बुलाकर उनके बयान लेने पर संदिग्ध स्थिति उजागर हुई और उन्होंने इसे स्वीकारा। इस पर पुलिस ने मेमोरेंडम लेकर शुक्रवार को उन्हें गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें दो दिन के रिमांड पर सौंपा गया है।

### मुझे झूठा फंसाया गया है-भाटी

कोर्ट में पेशी के लिए ले जाते समय मीडिया से बातचीत में कन्हैयालाल भाटी ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा, मुझे झूठा फंसाया गया है। मैंने किसी को अफीम नहीं दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। आरोपी के बयान उसके स्वयं के हैं। मामले में वास्तविक स्थिति न्यायिक प्रक्रिया और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

# वीर भारत संग्रहालय के प्रथम तल पर कार्य गति धीमी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**ठेकेदार को निगम आयुक्त ने कार्य गति बढाने की हिदायत दी**

कोठी रोड स्थित ऐतिहासिक कोठी महल को वीर भारत संग्रहालय के रूप में विकसित करने का कार्य का निरीक्षण शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया है। इस दौरान प्रथम तल पर कार्य की धीमी प्रगति सामने आई। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी साथ थे।

निगम आयुक्त ने संग्रहालय के प्रथम तल पर चल रहे स्लैब कार्य, प्लास्टर, क्रैक स्टिचिंग, पॉइंटिंग सहित अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया, प्रथम तल पर कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार एवं कंसल्टेंट के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की गति बढ़ाने तथा गुणवत्ता से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। भवन की एक्सटर्नल कोटिंग के सैंपल का भी निरीक्षण किया और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए। निगम आयुक्त ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा वर्षा ऋतु के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिए।

# कोर्ट ने खारिज की जमानत होटल संचालक को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट करने वाले होटल संचालक को शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में उसकी जमानत याचिका दाखिल की गई, लेकिन कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। होटल संचालक को जेल भेजा गया है।

सहायक जिला अभियोजन अधिकरी हार्दिक देवकर ने बताया कि महाकाल थाना पुलिस ने नगर निगम के फायर सेफ्टी अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद साहू के साथ हुई मारपीट के मामले में जयसिंहपुरा स्थित होटल पीताम्बर रेसीडेंसी संचालक के पुत्र बृजेन्द्र उर्फ विकास अरोण्या के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया था। शुक्रवार को उसकी जमानत याचिका लगाई गई थी लेकिन प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट राघवेन्द्र पटेल ने जमानत याचिका को निरस्त कर दिया और शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले बृजेन्द्र उर्फ विकास को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश जारी कर दिये। विदित हो कि फायर सेफ्टी अधिकारी जांच के लिये होटल पहुंचे थे और उन्होने फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट, फायर ऑडिट रिपोर्ट और बिल्डिंग परमिशन मांगी। इस दौरान होटल संचालक का पुत्र आ गया था और उसने अधिकारी के साथ अभद्रता करते हुये चार चांटे मारे थे और धमकाकर होटल से बाहर निकाल दिया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने एक्शन लिया था और गुरूवार को होटल सील करने की कार्रवाई की थी। इस दौरान परिवार ने जमकर हंगामा किया था।

# बकरी चराने निकले 2 चचेरे भाई खाल में डूबे

## गांव गिदगढ़ में घटना, दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ निकाली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागदा से 6 किमी दूर गांव गिदगढ़ में बकरी चराने निकले 2 चचेरे भाई खाल में डूब गये। गांव वालों को खबर मिली तो खाल में तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद दोनों के शव बाहर निकाले गये।

बताया जा रहा है कि गांव गिदगढ़ में रहने वाले चचेरे भाई सुरेश पिता जगदीश गुर्जर और धारासिंह पिता कुंवर गुर्जर 14 साल के थे। दोनों अपने छोटे भाई के साथ बकरी चराने के लिये जंगल की ओर निकले थे। रास्ते में पढ़ने वाली खाल के किनारे पहुंचने पर दोनों ने अपने छोटे भाई को बकरियों की देखरेख करने के लिये कहा और नहाने के लिये खाल में उतर गये। खाल में बारिश का पानी काफी अधिक भरा होने पर दोनों गहराई में चले गये। दोनों के बाहर नहीं आने पर उनका छोटा भाई गांव पहुंचा और उनके डूबने की खबर दी। परिजन और गांव वाले खाल किनारे पहुंचे। उनके कपड़े बाहर पड़े थे, उनकी तलाश शुरू की गई और कुछ देर बाद उन्हे बाहर निकाला, लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। नागदा पुलिस को दोनों के डूबने की खबर मिली तो मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में मर्ग कायम करने के बाद पोस्टमार्टम कराकर उनकी बॉडी परिजनों को सौंपी गई। गांव में चचेरे भाईयों की डूबने से हुई मौत के बाद माहौल गमगीन हो गया था। दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई। परिजनों ने बताया कि दोनों कक्षा 8 वीं के छात्र थे और समीप गांव निपानिया स्कूल में अध्ययन करते थे।



## कचरा फेंकने पर होटल संचालक पर लगाया 4 हजार रु. का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं पॉलीथिन मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 28 स्थित दूत तलाई क्षेत्र में स्थित परफेक्ट ट्रांसपोर्ट पर निरीक्षण के दौरान लगभग डेढ़ क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई, कार्यवाही के दौरान संबंधित ट्रांसपोर्ट संचालक पर स्वच्छता निरिक्षक द्वारा 03 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया इसी के साथ ही मालीपुरा स्थित होटल दिया के कर्मचारी द्वारा खुले में कचरा फेंकते पाए जाने पर होटल संचालक के विरुद्ध 4,000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया।

# हिरासत में ऑटो चालक पर हमला करने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**बढ़ सकती है जानलेवा हमले की धारा, साथी की तलाश**

रेलवे स्टेशन के बाहर गुरूवार सुबह आटो चालक पर चाकू से हमला करने वाला बदमाश हिरासत में आ गया है। उसके साथी की तलाश जारी है। डॉक्टरी रिपोर्ट के बाद बदमाश के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा बढ़ाई जा सकती है।

उंडासा मार्ग स्थित विजयनगर में रहने वाले आटो चालक सचिन पिता सुरेन्द्र गुप्ता पर गुरूवार सुबह रेलवे स्टेशन के बाहर सवारी बैठाने की बात पर हुये विवाद में 2 बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया था। देवासगेट थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर 2 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 296 (बी), 118 (1), 351 (2) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया था और चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की थी। घटनास्थल पर पानी की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में मामला कैद हुआ था। चाकू मारने वालों के फुटेज सामने आने पर उनकी पहचान की गई। गुरूवार-शुक्रवार रात एक बदमाश अमन पिता राजेन्द्र यादव निवासी अम्बर कालोनी गदापुलिया को हिरासत में ले लिया गया। उसका साथी अक्का फरार है, जिसकी तलाश जारी है। देवासगेट थाना प्रधान आरक्षक भैरूलाल चौधरी ने बताया कि घायल की हालत गंभीर है उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हिरासत में आये बदमाश के खिलाफ पूर्व में प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। उससे चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में डॉक्टरी रिपोर्ट मिलने पर आरोपी के खिलाफ धारा का इजाफा किया जा सकता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर उसके साथी की जानकारी जुटाई जा रही है। शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।



चार पहिया वाहन ने ई-बाइक चालक को कुचला

# दुर्घटना में घायल की मौत, एएसपी ने पहुंचाया अस्पताल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उन्हेल मार्ग पर शुक्रवार शाम तेजगति से दौड़ती अज्ञात चार पहिया गाड़ी ने ई-बाइक सवार को कुचल दिया। सड़क पर गंभीर हालत में पड़े घायल को देख एएसपी ने अपनी गाड़ी रोकी और उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

भैरवगढ़ थाना एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि शाम को उन्हेल मार्ग सारीबारी के पास सड़क दुर्घटना की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी, लेकिन घटनास्थल से घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। जहां से कुछ देर बाद खबर मिली कि घायल की मौत हो चुकी है। घटनास्थल पर ई-बाइक मिली थी, वहीं प्रत्यदर्शियों से पूछताछ करने पर पता चला कि चार पहिया गाड़ी ने टक्कर मारी थी और भाग निकला था, घायल को पुलिस अधिकारी की गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया है। घायल की मौत होने पर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। कुछ देर में सामने आया कि मृतक अनिल पिता नाथुलाल देपन 35 साल निवासी सोड़ंग का रहने वाला है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये है। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया और मामले में मर्ग कायम किया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। परिजनों ने बताया कि अनिल खेती किसानी का काम करता था और ई-बाइक से खेत पर जा रहा था। एएसआई सौराष्ठी के अनुसार मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### नागदा से लौट रहे थे एएसपी शर्मा

दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचने वाले पुलिस अधिकारी एएसपी आलोक शर्मा होना सामने आये है। वह नागदा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्था संभालने के बाद वापस उज्जैन लौट रहे थे। उन्होंने दुर्घटना में घायल की हालत गंभीर देखी तो राहवीर बनकर उसे अपनी गाड़ी से अस्पताल तक पहुंचाया। लेकिन गंभीर चोंट होने पर घायल की जान नहीं बच सकी।

### देवासरोड पर पीछे से वृद्ध पर चढ़ा वाहन

देवासरोड शिवांश वैली कालोनी के सामने गुरुवार-शुक्रवार रात 1.30 बजे पैदल जा रहे वृद्ध पर पीछे से आया वाहन चढ़ गया। वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। नागझिरी थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। मृतक की पहचान रमेश पिता रघुनाथ जाधव 55 साल निवासी लालपुर के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि अटाला बीनने का काम करता था। उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। थाना एसआई आरपी वेद ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है।

9977998836
9630905999
9131152226
इण्डियन स्टील वर्क्स
स्टेनलेस स्टीलपाईप एवं फिटिंग के होलसेल व खेरची विक्रेता
स्टील रेलिंग, स्टील फर्नीचर, स्टील लेटर आर्डर अनुसार बनाये जाते हैं।
आर्य समाज मार्ग, नई सड़क, उज्जैन (म.प्र.)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com